सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 26 फाल्गुन, 1942 (श०) / 17 मार्च, 2021 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 248

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 98 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 45 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 16 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 50 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 15 |
| (8) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 04 |
| | | | कुल योग -- | 248 |

## पईन की सफाई

*2185. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावाँ बाजार में नवोदय रोड से सुदनपुर तक पईन मिट्टी एवं कचरा से भरा गया है तथा अतिक्रमण भी हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । पईन मिट्टी से भर गयी है तथा इसमें कुछ भाग में अतिक्रमण है । अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नवादा के पत्रांक 335, दिनांक 26 फरवरी, 2021 द्वारा अंचलाधिकारी को लिखा गया है । अतिक्रमण मुक्त होते ही इस पईन का जीर्णोद्धार कार्य करा दिया जायेगा ।

--------

## नहर का पक्कीकरण

*2186. श्री भूदेव चौधरी (क्षेत्र संख्या-160 धौरैया (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धौरैया प्रखंड के श्रीपाथर वितरणी शाखा के लौगाँव से जगतपुर तक नहर कच्ची होने के कारण नहर का पानी खेतों में जाकर बर्बाद होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## कटाव निरोधक कार्य कराना

*2187. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड स्थित ग्राम-सागरपुर के निकट पुनपुन नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का पक्कीकरण

*2188. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड अन्तर्गत धटुली नहर पुल से मानववारी होते हुये पकड़ी चौक तक जानेवाली कच्ची सड़क जर्जर है, जो दो पंचायतों की जनता के लिये अतिमहत्त्वपूर्ण सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी करना

*2189. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी प्रखंड के हरदिया पंचायत में सम्हौली गाँव के लगभग 100 एकड़ भूमि में सालों भर जल-जमाव रहने के कारण कृषि कार्य बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में जल निकासी का प्रबंध नहीं होने से गरीब एवं किसान खेतीहर भूमि पर फसल की बुआई नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि से जल निकासी का समुचित प्रबंध करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2190. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के मदन सिरसिया में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु जमीन का निबंधन वर्ष 2019 में ही हो चुका है तथा उसी समय भवन निर्माण के लिये राशि भी निर्गत हो गयी थी, परंतु अभीतक भवन का निर्माण प्रारंभ भी नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनियमितता की जाँच करवाना

*2191. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखंड में श्रीचक गाँव मोड़ से सगाही चेरकी पथ तक सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिसके कारण निर्माण काल में ही सड़क टूटना शुरू हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण में हो रही अनियमितता की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड में जोड़ना

*2192. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड में इन्द्रवारा, बांदे, मरीचा, केसो नारायणपुर एवं बाजितपुर करनैल पंचायत स्थित है, जिनकी प्रखंड मुख्यालय से दूरी लगभग 16 से 20 किलो मीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बगल के प्रखंड शाहपुर पटोरी के कार्यालय से उक्त पंचायतों की दूरी मात्र 4 से 10 किलो मीटर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों को मोरवा प्रखंड से अलग कर शाहपुर पटोरी प्रखंड के साथ जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*2193. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान सभा क्षेत्र से सरैया से सलेमपुर वाया दुर्ग टोला-गजियापुर-नथमलपुर पथ तथा सार सीवान से कुदरिया बांध तक का पथ जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त दोनों पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण करना

*2194. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा के माली कुटुम्बा पथ एवं कुटुम्बा महुआधाम मोड़ काला पहाड़ तेन्दुआ पथ जर्जर रहने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती एवं दोषी संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई

*2195. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत बनियापुर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2019-20 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना से कामता रजौली से पकवलिया तक एवं वित्तीय वर्ष 2017-18 में बसही भखुरा मिट्टी से अधीर टोला होते हुए नोनिया टोला तक की सड़क का निर्माण कराया गया था, जिसमें संवेदक द्वारा तय मानक के अनुसार कार्य नहीं किए जाने के कारण उक्त सड़क जर्जर होने से आम आदमी को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराते हुए दोषी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजनाओं का क्रियान्वयन

*2196. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी आदेशानुसार 7.50 लाख की राशि का कार्य विभागीय स्तर पर कराने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद्/पंचायत समिति में इस नियम का पालन किया जाता है जबकि ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री निश्चय योजनान्तर्गत गली-नाली एवं नल-जल योजना में 20 लाख तक की राशि तथा पंचायत सरकार भवनों का निर्माण एक करोड़ तीस लाख तक की राशि से विभागीय स्तर पर कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला परिषद्/पंचायत समिति स्तर पर 7.50 लाख की राशि से अधिक की योजनाओं का क्रियान्वयन विभागीय स्तर पर कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना क्रमशः विभागीय दिशा-निर्देश सं0 5751, दिनांक 30 जून, 2017 एवं 5752, दिनांक 30 जून, 2017 के आलोक में योजनाओं का क्रियान्वयन वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति (WIMC) द्वारा कराया जाता है ।

पंचायत सरकार भवन का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जाता है। इस हेतु मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के पश्चात् विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 3(स्वी0), दिनांक 3 जून, 2019 जारी किया गया है।

(3) ऐसा प्रस्ताव नहीं है।

योजना को पूर्ण करना

*2197. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विद्यापति नगर प्रखंडान्तर्गत बरहौना में मिनी जलपूर्ति योजना से 2016 में बोरिंग हुआ परन्तु अबतक भवन एवं पाइप लाइन का निर्माण नहीं हुआ, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मिनी जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*2198. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियां प्रखंडान्तर्गत एन0 एच0 84 ईटवा से वीरपुर तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण आमजनता को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला के साथ सड़क का निर्माण

*2199. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी शरीफ प्रखंड के कुरथौल ग्राम स्थित वार्ड नं0 08 के न्यू एतवारपुर मुहल्ला के राज किशोर केसरी से पूरब प्रियरंजन के घर तक की सड़क लगभग 120 फीट लंबाई, 12+16 फीट चौड़ाई है, जो गाँधी कॉपरेटिव पथ के नाम से जाना जाता है, जर्जर है तथा जल निकासी हेतु नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव की समस्या भी रहती है, जिससे वहां के लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ में जल निकासी हेतु नाला के साथ-साथ सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी कराना

*2200. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखंड के किरतपुर पंचायत के बघरस में गेहुँआ नदी का स्लूईस गेट बन्द है, जिसके कारण लगभग 50 हेक्टेयर भू-खण्ड में जलजमाव रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बघरस में स्लूईस गेट खोलकर जल निकासी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला की सफाई एवं पक्कीकरण

'क'-*2201. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत लौरिया बाजार के बीचों बीच अवस्थित तुरकाहा नाला जिससे चीनी मिल व पूरे बसावट का गन्दा पानी प्रवाहित होता है एवं वर्षों से सफाई न होने से जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है तथा नाली का गन्दा पानी वातावरण को दूषित करने के साथ ही आमजनों को भी बीमारियों से ग्रसित कर रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाली की सफाई एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय स्थानांतरित करना

*2202. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अवर प्रमण्डल कार्यालय, लघु जल संसाधन विभाग, बेनीपुर का कार्यालय प्रखंड के बाहर सकरी में चल रहा है, जिससे बेनीपुर एवं बिरौल अनुमंडल के किसानों को खराब राजकीय नलकूप चालू करवाने के लिये विभागीय सहायक अभियंता से मिलने 15 कि० मी० दूर सकरी जाना पड़ता है, जबकि पूर्व में यह कार्यालय बहेड़ा में चलता था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कार्यालय को पुन: बहेड़ा में संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उड़ाही एवं पक्कीकरण कराना

*2203. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के डोरीगंज में गंगा नदी के बंगाली घाट से जिलकाबाद चवर तक जाने वाली नहर का पक्कीकरण नहीं कराये जाने के कारण उक्त क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त नहर की उड़ाही कराने के साथ पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा का भुगतान

*2204. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर एवं गोराडीह प्रखंड में चानन नदी पर तटबंध का निर्माण वर्ष 2012 में हुआ था, जिसमें तटबंध बनाने हेतु किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था, परन्तु अभीतक मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-ग्रामीण विकास विभाग के ज्ञापांक 408479, दिनांक 8 मार्च, 2021 द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

सुदृढ़ीकरण कराना

*2205. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत कमला बलान नदी के पश्चिमी तटबंध के 27वें कि० मी० पिपराघाट में 62वें कि० मी० ठेगहा पुल तक तटबंध पर 1980 के दशक में पक्की सड़कें थी, लेकिन बाढ़ की चपेट में आने से पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध झंझारपुर, मधेपुर, लखनौर आदि प्रखंड के ग्रामीणों के आवागमन हेतु अतिमहत्वपूर्ण रास्ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध के क्षतिग्रस्त अंश का सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्का बांध बनवाना

*2206. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण के सिकटा बाजार के पश्चिम ओरिया नदी और पूरब सिकटा नदी पर बांध न होने के कारण बाढ़ का पानी दोनों नहरों, त्रिवेणी और घोड़ासहन के बीच घिर जाने से त्रिवेणी नहर बार-बार टूट जाता है जिससे कई गाँव व सिकटा प्रखंड कार्यालय, बिजली ग्रिड आदि बाढ़ की चपेट में आ जाता है, यदि हाँ, तो सरकार बरसात के पूर्व दोनों नदियों के दोनों किनारों पर दोनों नहरों के बीच पक्का बांध बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

'ख'-*2207. श्री रितलाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के जमालुद्दीन चक की मुख्य सड़क जर्जर है जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है, जिससे आम जन एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2208. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड में सुन्दरपट्टी पंचायत के पनडुब्बी गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु चोरमा मन पर पुल बनाने के लिये सर्वे का कार्य वर्ष 2017 में किया गया था, परंतु अबतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

हस्तांतरित करना

*2209. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के तारडीह प्रखंड अन्तर्गत कुरसोमछैता पंचायत में पंचायत सरकार भवन लगभग एक साल पहले से बनकर तैयार है लकिन भवन को अबतक हस्तांतरित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत सरकार भवन को हस्तांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 1022, दिनांक 22 फरवरी, 2021 द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

## निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2210. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के लक्ष्मीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत 4 (चार) आदिवासी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दिनांक 17 नवम्बर, 2012 को आई०ए०पी० योजना के तहत की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आई०ए०पी० योजना बन्द होने से राशि के अभाव में उक्त सड़कों का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को दूसरी योजना से स्वीकृत कर निर्माण कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## अधिग्रहण कर निर्माण कराना

*2211. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत अशोक पेपर मिल से विदेश्वर स्थान, NH-57 (फोर लेन) तक जाने वाली सड़क जर्जर है तथा यह पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण होने की सारी अर्हता को पूरा करता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पुल का निर्माण

'ग'-*2212. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत बड़हरिया प्रखंड के पकड़ी मंदिर से नवीगंज के बीच दाहा नदी पर पुल नहीं होने के कारण उक्त गाँवों के आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कंबतक उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## कार्रवाई नहीं करने का औचित्य

*2213. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के प्रखण्ड चनपटिया के मुसहरी सेनवरिया पंचायत से लेकर डुमरी पंचायत तक शिकरहना नदी के कटाव से बाँध क्षतिग्रस्त हैं, जिस कारण प्रतिवर्ष अनेकों पंचायत जलमग्न हो जाते हैं एवं हजारों लोगों का जन-जीवन तबाह हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पुल का निर्माण

*2214. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगडिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज गोगरी के

नोट— 'ग'- जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 676, दिनांक 3 मार्च, 2021 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

कुण्डी ग्राम में कुडी ढाला पर कुण्डी ग्राम और लच्छु मंडल टोला को जोड़ने वाले मार्ग पर पुल (पुलिया) नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल (पुलिया) नहीं होने के कारण उक्त ग्रामीण एवं किसानों को खेती करने, फसल को सुरक्षित घर तक लाने एवं आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल (पुलिया) का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*2215. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत निर्माणाधीन सोनपुर दरिहारा पथ का निर्माण कार्य तय मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण निर्माण काल के दौरान ही सड़क टूटना प्रारम्भ हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर संबंधित संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2216. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बगुलाहा वार्ड नं० 6 के ग्राम नगराही में ताराचंद मंडल के घर से टरवा बाबा के स्थान तक 2 किलोमीटर कच्ची सड़क है, जबकि वहाँ 200 घर आदिवासी परिवार बसे हुये हैं जिन्हें बरसात के दिनों में आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत बगुलाहा शांति चौक से परसा हाट सीमा तक पथ के नाम से स्वीकृत है, जिसकी निविदा आमंत्रित की जा रही है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

-------------

पथ का अधिग्रहण

*2217. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत पी०डब्लू०डी० रोड पर स्थित ग्राम लखौरा से फुलवार, बीरती बाजार, मजीरवा, बनकटवा ब्लॉक होते हुये बरहरवा नेपाल बॉर्डर तक 20 कि०मी० ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क संकीर्ण रहने के कारण भारी वाहनों का परिचालन बंद है, जिससे आमजनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पी०डब्लू०डी० में अधिग्रहित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रस्तुत पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है। अत: पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं करायेगा । अतएव इस पथ का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण प्रस्तावित नहीं है।

कार्रवाई करना

*2218. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत रफीगंज, ओबरा पथ से पड़रिया तक सड़क का निर्माण वर्ष 2018 में पूर्ण हो चुका है, परंतु सड़क निर्माण में अनियमितता बरती गयी है, जिसके कारण सड़क टूट रहा है तथा आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसके लिये दोषी एजेंसी और पदाधिकारी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*2219. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराढ़ी प्रखंड के अम्बा से जुहुली होते ढाका तक जानेवाली पथ में अम्बा गाँव के नजदीक एक हजार फीट लम्बी पथ कच्ची है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी भूमि होने के कारण उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण अबतक नहीं कराया गया है, जबकि उक्त स्थल के दोनों ओर पथ का निर्माण किया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन का अधिग्रहण करते हुये उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?.

--------

पुल का निर्माण

*2220. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के प्रखंड जन्दाहा अन्तर्गत महिपुरा और सोहरथी पचायत के लोगों का कृषि योग्य भूमि बरैला झील से निकलने वाली जल मार्ग के दोनों तरफ अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जल मार्ग, बरैला झील से निकल कर दौरिया घाट होते हुये नून नदी के लखनिया गेट के पास मिलती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दौरिया घाट पर पुल नहीं रहने से दोनों तरफ के किसान को कृषि कार्य में असुविधा होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दौरिया घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्षतिग्रस्त पथ का निर्माण

*2221. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी अनुमंडल के सैदपुर से मनेरपुर और बेगमपुर चक्का से रैरियौना स्कूल होते हुये तुलसीपुर चौक तक की सड़क का निर्माण वर्ष 2010 से पूर्व किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित पथ वर्तमान में क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पथों को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2222. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहनपुर के बीची पहाड़ी और पथरा के बीच नेताने नदी पर पुल नहीं रहने के कारण ग्राम पंचायत भूसैला, केवला और अम्मातरी की जनता को लम्बी दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय तथा थाना आना-जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल एल024 से कोयाकला भाया मंझौली के आरेखन में नेताने नदी पर अवस्थित है, जिसका डी0पी0आर0 प्रश्नाधीन पथ के साथ मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है । मोहनपुर के बीची पहाड़ी और पथरा, एल024 से कोयाकला भाया मंझौली के आरेखन में है । तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

-------

पुलिया का निर्माण

'घ'-*2223. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत रौन पंचायत अन्तर्गत रौन ग्राम से हथयन पंचायत को जोड़ने हेतु मौरकाही ग्राम के समीप पुलिया नहीं रहने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत को जोड़ने हेतु पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दंडित करना

*2224. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर होकर जानेवाली कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच 6 लेन पुल निर्माण हेतु चयनित एजेंसी (मेसर्स देवू तथा एल एण्ड टी जेवी) से फरवरी, 2016 में एकरारनामा किया गया था, जिसके लिये ए0डी0बी0 से 3,000 करोड़ रुपये 4-5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण लिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 के बजाये 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद उक्त कार्य पूर्ण नहीं हो सका तथा एजेंसी को तीन बार अवधि विस्तार दिया जा चुका है, जिससे पुल निर्माण में विलम्ब, लागत मूल्य में वृद्धि एवं उस पर ब्याज भुगतान करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बार-बार निर्माण अवधि विस्तारण के कारणों की जाँच कराकर दोषी एजेंसी/पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*2225. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड में सोनवा-मकदुमपुर मुख्य सड़क से निकलकर हड़ईल टोला होते हुये कोजीढ़ोढा मस्जिद तक एवं मखदुमपुर-हुलासगंज सड़क से निकलकर सीताराम कॉलेज होते हुये अभसारा सड़क में मिलने वाली पथ का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----

नोट--'घ'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1257, दिनांक 27 फरवरी, 2021 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्था0 ।

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2226. श्री शशिभूषण हजारी (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड-कुशेश्वरस्थान पूर्वी में कुशेश्वरस्थान के कुलतौड़ा सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2020 में शुरू किया गया, किन्तु अभी अधूरा कार्य कर ही बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गोलम्बर का निर्माण

*2227. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय मं स्थित टी आकारनुमा ओभर ब्रीज के तीनों छोर पर गोलम्बर का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर गोलम्बर का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधक कार्य कराना

*2228. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के पियारी पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं0 11 में श्री प्रसाद यादव के घर से नहर तक कोशीघाट से 200 घर का कटाव हो रहा है तथा सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि धार में विलीन होता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण एवं मरम्मती

*2229. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के लहेरियासराय चट्टी चौक से फेकला चौक का जाने वाली पथ निर्माण विभाग की सड़क जर्जर एवं कम चौड़ी रहने की वजह से यातायात में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*2230. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है क अरवल जिलान्तर्गत इन्द्रपुरी बड़ी नहर (सोन नदी) से मलहद-भगवतीपुर क्षेत्र तक नहर निर्माण कार्य में नेनुआ नाला के उत्तर करीब 800 फीट नहर निर्माण शेष है, जिससे 14 ग्रामों के करीब 2000 एकड़ जमीन की सिंचाई प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 800 फीट जमीन निजी है तथा माननीय जिला न्यायालय, जहानाबाद से उक्त जमीन का उचित मुआवजा देकर नहर की खुदाई करने का आदेश वर्ष 2019 में पारित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर को कार्यान्वित कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल-निकासी हेतु नाला की व्यवस्था

'च'-*2231. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के अन्तर्गत चेनारी प्रखंड के तेलारी पंचायत एवं चेनारी बाजार में जल-निकासी हेतु नाला की व्यवस्था नहीं होने के कारण गलियों में जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस समस्या का निदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय भवन का निर्माण

*2232. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड कार्यालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण कार्यरत कर्मियों को कार्यों के सम्पादन में असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय भवन के निर्माण हेतु जमीन का अधिग्रहण करने के लिए विगत तीन वर्ष पूर्व (दो करोड़ तीरानवे लाख) 2,93,00,000 रुपये का आवंटन किया गया था, परन्तु लागत के अनुपात में राशि का आवंटन कम होने के कारण अबतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटन राशि को बढ़ाते हुए उक्त कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सामुदायिक भवन का निर्माण

*2233. श्री बच्चा पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत बड़हरिया प्रखण्ड के ग्राम-पड़वा रसुलपुर में पंचायत सरकार भवन नहीं है, जिससे आमलोगों को पंचायती कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*2234. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के [illegible] प्रखंड अंतर्गत मानगढ़ सिंधिया पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2018 में पूर्ण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण निर्माण काल के दो वर्ष उपरांत ही पथ जीर्ण-शीर्ण हो गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच कराकर पुनः पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'च'--ग्रामीण विकास विभाग के ज्ञापांक 393113, दिनांक 20 फरवरी, 2021 द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

पुल का निर्माण

*2235. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार बाजार से महनार स्टेशन तक पथ निर्माण विभाग की चौड़ी सड़क है परंतु इसी सड़क का शेष भाग जो महनार स्टेशन से सलहा चौक तक जाती है, वह जर्जर और पतली है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने के साथ-साथ पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पुनर्निर्माण

*2236. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखण्ड के पसराहा से मड़ैया होते नयागाँव तक जानेवाली सड़क पूर्णतः जर्जर हो जाने एवं गड्ढे में तब्दील हो जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*2237. डॉ॰ रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 2149 ई॰अनु॰, दिनांक 15 मार्च, 2019 द्वारा नालन्दा जिला के हिलसा-योगीपुर-कोरामा होते नवगढ़ तक एवं बांस बिगहा-घाना बिगहा तक के पथों का फिजिबिलिटी प्रतिवेदन कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, हिलसा से माँगा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, हिलसा के द्वारा वर्णित पथों का फिजिबिलिटी प्रतिवेदन विभाग को पत्रांक 1186, दिनांक 20 सितम्बर, 2019 एवं पत्रांक 806, दिनांक 17 जुलाई, 2018 द्वारा उपलब्ध कराने के बाद भी अबतक प्राक्कलन नहीं बनाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित पथों का प्राक्कलन बनाने एवं विलंब के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बोल्डर पीचिंग कराना

*2238. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत काको प्रखंड (बरावा पंचायत) के चकिया गाँव में दरधा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव के नदी किनारे बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*2239. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर (अ॰जा॰))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के राघोपुर नरसंडा पंचायत के बाजितपुर गाँव में वार्ड सं॰ 5 एवं 6 के बीच एक नहर गुजरी है, जिसपर पुल

नहीं होने के कारण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*2240. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के पश्चिमी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल के अन्तर्गत सिकरौल माइनर से ग्राम जमुई, केनारभौंटि और सिकरौल गाँव के खेत की सिंचाई की जाती है, परंतु स्थानीय बरसाती नदी से माइनर को जोड़ दिया गया है, जिससे उक्त वर्णित गाँवों को बरसात में बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिसके संबंध में अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) जल संसाधन विभाग ने अपने पत्रांक 796, दिनांक 25 जून, 2013 के द्वारा मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग को जाँच कर कार्रवाई करने को लिखा है, परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त समस्या का समाधान हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2241. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड के रानी पोखर वीर कुँवर सिंह द्वार से मिलनपुर में नागेन्द्र राम के घर तक रोड नहीं रहने के कारण आमजनों को पैदल आने-जाने में भी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2242. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बलरामपुर प्रखंड के किरोरा पंचायत के एन०एच०31 से बजरगाँव होते फलसा गाँव तक जाने वाली सड़क में बजर गाँव के दक्षिण छोर पर स्थित लकड़ी का पुल विगत 15 साल से ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिये बंगाल के दल टोला होते हुये 20 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बलरामपुर प्रखंड में कुरूम हाट से बजर गाँव तक जाने वाली 10 कि०मी० पथ, पथ प्रमंडल, बारसोई के अन्तर्गत है। विषयाधीन लकड़ी का पुल के स्थान पर नया उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल एवं पथ निर्माण से संबंधित निविदा प्रक्रियाधीन है। निविदा की प्रक्रिया पूरी होने के उपरान्त एकरारनामा कर कार्य कराया जायेगा।

-------------

ट्यूबवेल लगाना

*2243. श्री बच्चा पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत बड़हरिया प्रखण्ड के रसलपुर पंचायत एवं पचरूखी प्रखण्ड के दिनदयालपुर पंचायत में सिंचाई के लिये ट्यूबवेल की व्यवस्था नहीं है, जिससे किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नलकूप (ट्यूबवेल) लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2244. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव (क्षेत्र संख्या-90 मीनापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड में मुस्तफागंज बाजार के चन्देश्वर राय स्मारक से महदेईयाँ, चैनपुर होते हुये कोईली बाजार तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण आमजनों का पैदल चलना भी मुश्किल है और इसी पथ में अमर शहीद जुब्बा सहनी का भी घर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ देना

*2245. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के संकल्प संख्या 7566, दिनांक 14 जुलाई, 2010 के अनुसार राज्यकर्मियों को क्रमश: 10, 20 और 30 वर्ष की सेवा पूरी होने पर क्रमवार तीन एम0ए0सी0पी0 (वित्तीय उन्नयन) का आर्थिक लाभ देय है, इस निमित हरेक वित्तीय वर्ष में दो बार विभागीय स्क्रीनिंग की बैठक किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय ने ज्ञापांक 1838, दिनांक 9 सितम्बर, 2015 द्वारा आई0टी0आई0 कर्मियों को एम0ए0सी0पी0 का लाभ अंतिम बार दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई0टी0आई0 कर्मियों को एम0ए0सी0पी0 का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन राज्य के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/कार्यालयों में कार्यरत विभिन्न कोटि के कर्मियों को वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत संकल्प/परिपत्र में निहित प्रावधानों के आलोक में देय ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 की स्वीकृति पर विचार करने हेतु विभागीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक दिनांक 19 फरवरी, 2021, दिनांक 5 मार्च, 2021 एवं 8 मार्च, 2021 को निर्धारित की गयी थी, परंतु संगत अभिलेखों के अभाव में बैठक आहूत नहीं की जा सकी । विभागीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक की आगामी बैठक दिनांक 24 मार्च, 2021 को निर्धारित की गयी है ।

विभागीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार आदेश संसूचना की कार्रवाई की जायेगी ।

--------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*2246. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कतरीसराय प्रखंड में बिलारी ग्राम के सीमा तक स्टेट हाइवे है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के सीमा से खराँट-वारिसलीगंज रोड तक सम्पर्क पथ हेतु जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद आजतक सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपरोक्त सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2247. श्री भूदेव चौधरी (क्षेत्र संख्या-160 धोरैया (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धोरैया प्रखंड के ग्राम-महिला के पास गहिरा नदी पर एवं रब्बीडीह गाँव के पास मिरचैनी नदी पर पुल नहीं होने के कारण उक्त प्रखंड की आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

काउज-वे का निर्माण

*2248. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखंड के तारापुर में छतरहार काउज-वे जर्जर है, जिससे आस-पास के 500 एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त काउज-वे के जीर्णोद्धार के लिये डी0पी0आर0 बनाकर एक वर्ष पूर्व प्रशासनिक स्वीकृति हेतु मुख्यालय को भेजा गया किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त काउज-वे का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिग्रहण करना

*2249. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के झाझा प्रखंड अन्तर्गत द्वारपहड़ी मोड़ से आर0डब्लू0डी0 की 22 किलो मीटर की सड़क जो बाँका जिला के बेलहर प्रखंड को जोड़ती है तथा यह सड़क उस क्षेत्र की घनी आबादी वाले 50-60 गाँवों के ग्रामीणों को सड़क मार्ग उपलब्ध कराती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आर0डब्लू0डी0 सड़क को पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाढ़ निरोधक कार्य करना

*2250. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में मजकूरी, केसर्रा, डकैता आदि गाँवों में कनकई नदी पर बाढ़ निरोधक कार्य नहीं होने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड़ में फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर बाढ़ निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2251. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखण्ड में नए सिविल कोर्ट से कादिरगंज रोड में के0 एम0 एस0 कॉलेज के निकट मिलने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आम-जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2252. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड के विरनगर मुख्य सड़क से विरनगर मूसहर टोला तक आजादी के 70 वर्षों के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हुआ है, जिससे वहाँ के आमजनों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2253. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत सीवान सदर प्रखण्ड के टडवां मौजा ग्राम से बढ़ई टोला बिन्दुसार के बीच दाहा नदी पर पुल नहीं होने के कारण उक्त प्रखण्ड के आमजनता को नदी पार जाने का कोई साधन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति दिलाना

*2254. श्री संजीव चौरसिया (क्षेत्र संख्या-181 दीघा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अतिव्यस्त आबादी वाले शहरों में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गहन घनत्व वाले शहरों में निर्मित फ्लाई ओवर में भी साउंड क्रैश बैरियर नहीं लगा है, जैसाकि पटना के बेली रोड स्थित फ्लाई ओवर में साउंड क्रैश बैरियर नहीं लगा है, जबकि फ्लाई ओवर के सटे दो बड़े अस्पताल भी हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के निर्मित एवं निर्माणाधीन फ्लाई ओवर में साउंड क्रैश बैरियर लगाकर जनता को ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पुनर्निर्माण

*2255. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत वाबूवरही प्रखण्ड में मधुबनी-लौकहा मार्ग से भुपट्टी गैस गोदाम, बेला, सोनमती होते हुए हामेपट्टी वटवृक्ष के सामने जयनगर खुटौना राज्यमार्ग से जुड़ने वाली सड़क काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क को कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*2256. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के धैलाद प्रखंड अन्तर्गत धैलाद से श्रीनगर होते हुए भतरंधा चौक तक जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मती हेतु शिलान्यास के एक वर्ष उपरांत भी सड़क की मरम्मती का कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2257 श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के ग्राम-मनोरमपुर एवं पंचेतन के बीच सोईयवा नदी पर तथा सरमेरा प्रखंड के ग्राम-छोटी घरयारी एवं बिन्द प्रखंड के ग्राम-इम्ब्राहिमपुर के बीच नोनिया नदी पर पुल निर्माण हेतु सितम्बर, 2020 में सर्वे कराकर प्राक्कलन बनाया गया था, लेकिन आज तक पुल निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

एप्रोच सड़क का निर्माण

*2258. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत हसनपुरा प्रखंड के गायघाट और पियाउर ग्राम में दाहा नदी पर पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आम-जनता को पुल पर जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की व्यवस्था

*2259. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के धरहरा प्रखंड तथा खड्गपुर के तेलियाडीह नाकी एवं अग्रहण पंचायतों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वहां के किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों के हित में सिंचाई की व्यवस्था हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमणमुक्त कराना एवं अंचलाधिकारी पर कार्रवाई

*2260. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के गोगरी-नारायणपुर बांध पर गोगरी शिव मंदिर से दक्षिण बांध पर गोगरी के पूर्व मुखिया वकील यादव, पे0-जददू यादव, मनोज यादव, पे0-वकील यादव द्वारा अवैध कब्जा कर दो मंजिला मकान तथा व्यवसाय करने हेतु दुकान का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोगरी द्वारा निर्गत आदेश सं0-52121-02635, निर्णय की तिथि 22 सितम्बर, 2017 एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार, खगड़िया के परिवार सं0-521210110071700879/1A तिथि 18 अक्टूबर, 2017 के माध्यम से अंचलाधिकारी, गोगरी को अतिक्रमण स्थल को अतिक्रमणमुक्त करने का आदेश निर्गत किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोगरी-नारायणपुर बांध को अतिक्रमणमुक्त तथा अंचलाधिकारी, गोगरी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2261. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के टेंगरार के निकट भूतही बलान नदी में पुल के अभाव में फुलपरास प्रखंड एवं लौकही प्रखंड की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है , यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2262. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड का प्रखंड की कार्यालय एवं पदाधिकारी का आवासीय भवन विगत 25 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण प्रखंड कार्यालय में कर्मचारियों को कार्य करने में कठिनाई तथा पदाधिकारी को आवासीय भवन में रहना मुश्किल हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्यालय भवन एवं आवासीय पुराने भवन के स्थान पर नया भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2263. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत परसाहाट के ग्राम-नगराही वार्ड नं० 10 में मध्य वि०, नगराही से जीवछ मंडल के घर, दिनेश मंडल के कामत, नहर आते उच्च वि०, बेलसरा तक 3.5 किलोमीटर कच्ची सड़क है, जिससे होकर आस-पास के गाँव यथा-मुसहरनिया, छोटकी परसा, बगुलाहा, नगराही और बेलसरा उत्तर टोला के बच्चे पढ़ने के लिये उच्च विद्यालय, बेलसरा आते-जाते हैं तथा उन्हें बरसात में आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती के साथ संवेदक पर कार्रवाई

*2264. श्री सउद आलम (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित सड़क जिसका पैकेज नं० बी० पी० 18 पी०-142 है, मरम्मती के एक माह बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती के साथ संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल एवं पैदल पार पथ का निर्माण

*2265. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका मेन कैनाल में दोस्तीया के पास पुल ध्वस्त होने से आवागमन बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पताही कैनाल में गम्हरिया, मलकौनिया, सीसवा दलपत ग्राम के

पास एवं सिरहा कैनाल में करमाना, बखरी, रम्सा, राजेपुर, विसरहिया के पास ग्रामीण को नहर पार करने हेतु पैदल पार पथ नहीं होने से कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कैनाल पर ध्वस्त पुल के स्थान पर नया पुल एवं पैदल पार पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल चालू कराना

*2266. श्री मुसाफिर पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहाँ (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड मुसहरी जगन्नाथ मिश्र कॉलेज से उत्तर बुढ़ी गंडक नदी पर विगत 8-9 वर्षों से निर्माणधीन चन्दवाराघाट पक्का पुल अबतक चालू नहीं हो पाया है जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर० ओ० बी० निर्माण कराना

*2267. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत लैलख स्टेशन के पास रेल लाइन पर आर० ओ० बी० बनाये जाने हेतु ग्राम पंचायत बैजल, परघरी, प्रशस्त डीह, मुरहन, मोहनपुर पंचायत के लोगों द्वारा विगत पाँच वर्षों में दर्जनों बार धरना प्रदर्शन किया गया, परंतु आजतक आर० ओ० बी० नहीं बनाया गया है, जिसके कारण उपर्युक्त पंचायतों के लोगों को आवागमन में अत्यंत कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर आर० ओ० बी० का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच के साथ स्थानांतरण करना

*2268. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा वर्ष 2019-20 में आवास योजना, पेंशन योजना एवं शौचालय निर्माण में अनियमित्ता बरती गयी है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध उच्चस्तरीय जाँच के साथ स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर० सी० सी० पुल बनाना

*2269. श्री सउद आलम (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज एवं ठाकुरगंज के बीच स्थित आर० सी० डी० पथ पर तैयबपुर के निकट लोहे का जीर्ण-शीर्ण पुल रहने से कभी भी भयंकर दुर्घटना होने की आशंका व्याप्त रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महानन्दा नदी पर स्थित लोहे के जर्जर पुल के स्थान पर कबतक आर० सी० सी० पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*2270. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंसूरचक प्रखंड अन्तर्गत मंसूरचक से भगवानपुर तक की सड़क संकीर्ण रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि यह पथांश दलसिंहसराय-कैदराबाद-मालती पथ का अंश है, जिसकी चौड़ाई 3.05 मी० है तथा OPRMC-II में संधारित है। संसाधनों की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*2271. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत दाउदनगर प्रखंड स्थित एन०एच० 139 के पश्चिम जिनोरियाँ से भाया मझियावाँ होते हुये तेजपुरा लख तक जाने वाली सड़क विगत् 5 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजन को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*2272. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पथ निर्माण प्रमंडल, दरभंगा के अधीन आनेवाला पथ सकरी चौक से महावीर चौक तक (दूरी 1.00 कि०मी०) की सड़क में दोनों तरफ नाला नहीं रहने के कारण सड़क पर जल-जमाव होता है, जिसके फलस्वरूप लोगों का आवागमन बाधित होती है, साथ ही सड़क भी टूटती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथांश के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा का भुगतान

*2273. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोसी प्रखण्ड में स्थित बेलई एवं हुलासगंज प्रखण्ड के केउर गाँव में गरीबों के पुस्तैनी मकान को जल-जीवन हरियाली योजना के नाम पर तोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तोड़े गये मकानों के बदले मुआवजा देने एवं उन गरीबों को जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई एवं यातायात सुविधा उपलब्ध कराना

*2274. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत ओरैना एन०एच० 31 के पश्चिम कसरी नहर का निर्माण कादिरगंज एन०एच०31 तक साठ वर्ष पूर्व कराया गया था, जो जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की सफाई एवं जीर्णोद्धार कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवास दिलाना

*2275. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कोटवा में अहिरौलिया पंचायत के धुरभरीया मुशहर टोली बस्ती में 25 वर्ष पूर्व विभिन्न आवास योजना के तहत समूहों में लगभग 100 घर का निर्माण कार्य हुआ था, जो अभी वर्तमान में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आवासों के स्थान पर आवासित महादलित परिवारों के लिये नये आवास इकाइयों की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2276. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखंड के ग्राम-बड़तोला से चोचपाड़ा तक सड़क कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का अधिग्रहण

*2277. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पी०डब्लू०डी० रोड पर स्थित छौड़ादानों नहर चौक से बनकटवा होते हुये घोड़ासाहन तक 20 कि०मी० (नहर के बाँध पर बने सड़क) ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क संकीर्ण रहने के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पी०डब्लू०डी० में अधिग्रहित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है। पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं कराया जाना है। अतएव उक्त पथ का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

सड़क का निर्माण

*2278. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के बाबा डीहवार स्थान नरार पूर्वी से लेकर म0 वि0, सिंगराही तक कच्ची सड़क रहने के कारण लोगों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.55 किलो मीटर है । बाबा डीहवार स्थान एम0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत लक्ष्मीपुर मुख्य पथ से 50 मीटर दूरी पर अवस्थित है, जिसे स्थानीय निकाय द्वारा निर्मित पी0सी0सी0 पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । मध्य विद्यालय सिंगरहिया कंगाली टोला में अवस्थित है, जिसे पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित एल022 से थान टोल पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । इस पर कोई अन्य योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे राज्य के किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है ।

अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

फूट-ओवर ब्रीज का निर्माण

*2279. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत घाटकुसुम्भा प्रखंड के घाटकुसुम्भा गाँव में टाटी नदी पर फूट-ओवर ब्रिज नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर फूट-ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत सरकार भवन बनवाना

*2280. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अन्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के ग्राम पंचायत तेलारी में पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिये पत्रांक 302, दिनांक 20 अगस्त, 2019 द्वारा अंचलाधिकारी ने जमीन उपलब्ध कराने की सूचना पंचायती राज पदाधिकारी को दिया था, जिसका खाता नं0-1609, प्लौट नं0-13649 एवं रकवा-50 डी0 है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत तेलारी में पंचायत सरकार भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरित करना

*2281. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के जिला मुख्यालय स्थापना शाखा में प्रतिनियुक्त वरीय लिपिक एवं लिपिक के साथ अन्य कर्मचारी पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं, जबकि राज्य सरकार के परिपत्र संख्या 3918, दिनांक 25 अक्टूबर, 1980 में तीन वर्षों से अधिक समय तक एक स्थान पर पदस्थापित कर्मचारियों को स्थानांतरित करने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कर्मचारियों को चिह्नित कर स्थानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुख्य सड़क से जोड़ना

*2282 श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 500 से ऊपर की आबादी वाले बसावटों को आवागमन के लिये मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री सड़क योजना लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत अरियरी प्रखंड के बहादुरपुर गाँव आजतक आवागमन हेतु सड़क की सुविधा से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त गाँव को कबतक मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*2283. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत डुमरा से अतरबेल (दरभंगा) तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है जबकि यह सड़क वर्षात् के दिनों में प्रखंड नानपुर, बाजपट्टी, बोखड़ा, पुपरी के लोगों के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण सड़क है जिसकी स्थिति खराब रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का पुनर्निर्माण

*2284. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के सारण मुख्य नहर के शीर्ष बिन्दु 156.625 से एक उप नहर का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर का निर्माण ठीक ढंग से नहीं होने के कारण वह क्षतिग्रस्त हो गया तथा किसानों का सिंचाई कार्य बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर का निर्माण पुनः कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*2285. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड के धपरसिया पंचायत के बलिहारपुर में विगत 3 वर्षों से महानंदा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कटाव को रोकने के लिये कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमला नदी को गाद मुक्त करना

*2286. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नेपाल सीमा से सटे मधुबनी जिला के जयनगर से होते हुये दरभंगा सहित राज्य के अन्य जिलों से प्रवाहित होने वाली कमला नदी के बहाव क्षेत्र में सिल्ट (गाद) जमा होने के कारण धारा अवरुद्ध होने से प्रतिवर्ष उक्त जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तथा लाखों लोग प्रभावित होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कमला नदी के बहाव क्षेत्र को सिल्ट (गाद) मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*2287. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत अरवल विधान सभा क्षेत्र में कलेर प्रखण्ड अंतर्गत महेंदिया से पहलेजा, पहरपुरा बाजार होते हुये औरंगाबाद जिला के हसपुरा प्रखण्ड तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*2288. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित सोना बकुआ पथ से अहुआरा होते हुए ग्राम गौरैला तक की सड़क का निर्माण विगत 15 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे स्थानीय लोगों एवं वाहनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपमार्ग (अन्डर पास) का निर्माण

*2289. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियाँ (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियाँ प्रखण्ड के ग्राम भिट्टी में उपमार्ग (अन्डर पास) का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण उक्त ग्राम की जनता को रेलवे लाइन पार कर आवागमन करना पड़ता है, जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर उपमार्ग (अन्डर पास) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2290. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत पोठिया प्रखंड के दामलबाड़ी पंचायत में लुकन्द्रा चाय बगान और पश्चिम टोला देहलबाड़ी के पास ललहीया नहर पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति सुनिश्चित कराना

*2291. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के ललित भवन के पीछे पुनाईचक सरकारी आवास संख्या-ए-1 से ए-4 एवं बी-1 से बी-4 में आवासित परिवारों को सप्लाई का पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है, कभी-कभी तो दो दिन तक पानी आता भी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ललित भवन में जलापूर्ति हेतु लगे पम्प 4 वर्ष से बंद रहने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ललित भवन में लगे बंद पंप को चालू करने तथा उक्त आवासों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2292. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत एन0 एच0-19 फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य मधुकोन कम्पनी प्रा0 लि0 द्वारा वर्ष 2010 में प्रारंभ किया गया था, परन्तु मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराये जाने एवं कार्य में शिथिलता के कारण उक्त कंपनी को वर्ष 2018 में ब्लैकलिस्टेट कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारी की मिली-भगत से उक्त कार्य वर्ष 2019 में छपरा एक्सप्रेस-वे कंपनी को आवंटन किया गया, जबकि उक्त दोनों कंपनी का मालिक एक ही है, जिसके कारण मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है, एवं कार्य की गति पुन: धीमी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की जांच कराते हुए दोषी संवेदक एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ब्याज मुक्त ऋण की स्वीकृति

*2293. श्री अख्तारूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में जीविका कैडरों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें आर्थिक समुन्नत बनाने, निर्वाचन काल में मतदाताओं को उत्प्रेरित करने, राज्य के विद्यालयों के बच्चे के लिए कपड़ा सिलने एवं अन्य कार्य लिया जाता है, परंतु उन्हें मात्र 250 रु0 प्रति समूह की दर से ही भुगतान किया जाता है जो काफी कम है, जबकि उक्त जीविका कैडर के कर्मी शनिवार-रविवार को भी काम करते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जीविका कैडर को राज्य में निर्धारित न्यूनतम मासिक मजदूरी को बराबर मानदेय एवं समूहों के सदस्य दीदियों को ब्याज मुक्त ऋण देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करवाना

*2294. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोध गया से राजगीर एन0 एच0-82, 4 लेन सड़क का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराई जा रही है, जिसके कारण निर्माण काल में ही सड़क टूट रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कार्य की जांच करवाते हुए प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2295. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड के परेवा पंचायत में परेवा चौक से परेवा बांध तक 1.5 कि0 मी0 तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*2296. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के घोड़बंकी गाँव होकर बछराजा नदी प्रवाहित होती हैं, परन्तु उक्त नदी से सिंचाई हेतु किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक घोड़बंकी गाँव में उक्त नदी पर स्लूईस गेट का निर्माण कराकर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्थल निरीक्षण में प्रस्तावित स्थल घोड़बंकी गाँव में स्लूईस गेट का निर्माण संभाव्य पाया गया है । विस्तृत सर्वेक्षण के उपरान्त योजना का रूपांकण कराकर विहित प्रकिया के तहत निर्माण कराने की कार्रवाई की जायेगी ।

--------

सड़क का निर्माण

*2297. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत साहेबनगर पंचायत में बिसनपुर ग्राम में वीरेन्द्र यादव के घर से घोघन यादव के घर होते हुये मनिहारी, मनसाही रोड तक यादव टोला, ठाकुर टोला, चौधरी टोला को अबतक पक्की सड़क से जोड़ा नहीं गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ दो पथांश से संबंधित है--

1. वीरेन्द्र यादव के घर से घोघन यादव के घर तक-- उक्त पथांश के आरेखन में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है । इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

2. घोघन यादव के घर से मनिहारी, मनसाही तक--उक्त पथांश शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अंतर्गत स्वीकृत PMGSY कुर्सेल रक्खा टोला से चम्पा टोला तक पथ का पथांश है, जो निविदा की प्रक्रिया में है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

--------

पथ का निर्माण

*2298. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के प्रखंड रफीगंज में गुरारू रोड के नहर के बगल से झिकटया, काजीचक होते हुये रफीगंज आंति तक की पथ की मरम्मती पिछले 5 वर्षों से नहीं होने के कारण जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2299. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के पंचायत रैयाम पूर्वी से रैयाम पश्चिमी को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र की बड़ी आबादी को आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के मध्य में कोसी कैनाल पर मुख्यमंत्री सेतु योजना अन्तर्गत पुल का निर्माण कराया गया है, लेकिन दोनों तरफ सड़क नहीं बनने से पुल की प्रासंगिकता कम हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*2300. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-रोटगन्ना स्थित सोझी धाट पुल से विद्यासागर कोचिंग होते हुये मध्य विद्यालय, चांद सुरारी तक जानेवाली सड़क की स्थिति जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2301. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर रोड से बन्धुआ रोड तक निर्मित पथ का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण निर्माण काल के एक वर्ष उपरांत ही उक्त सड़क जर्जर हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच करवाकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*2302. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी अनुमंडल में राटन से बभैन और राटन से खजुरियां तक की सड़क का निर्माण वर्ष 2010 से पूर्व किया गया था, जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पथों का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*2303. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के ग्राम-मोगलाविगहा से आहार होते सोलहंडा पंचायत के बालविगहा ग्राम तक एवं तिरहुआ महादलित टोला से मंशाविगहा ग्राम तक की सड़क कच्ची रहने से उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, साथ ही वर्षात के दिनों में उक्त पथ किचड़मय हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2304. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड का कार्यालय पुराने एवं जर्जर भवन में संचालित है तथा उसी भवन में अंचल कार्यालय एवं ब्लॉक आई०टी० सेंटर भी संचालित होने एवं भवन छोटा, जर्जर रहने के कारण कार्य सम्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड में आधुनिक आई०टी० भवन-सह-प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आई०टी०आई० कॉलेज का निर्माण

*2305. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव (क्षेत्र संख्या-90 मीनापुर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड में आई०टी०आई० कॉलेज की स्वीकृति वर्ष 2017 में मिली थी, लेकिन अभीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है, जिसके कारण वहाँ के मेधावी छात्रों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आई०टी०आई० कॉलेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ध्वस्त ग्रामीण पथों का पुनर्निर्माण

*2306. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला में वर्ष 2020 की बाढ़ के कारण मढ़ौरा एवं मकेर प्रखंडों के अधिकांश पंचायत प्रभावित हुये हैं, जहाँ मनरेगा योजना से ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया था, वे ध्वस्त हो गये हैं, जिससे जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ध्वस्त हुये ग्रामीण पथों के पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्निर्माण करना

*2307. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बैसा प्रखण्ड के रौटा बाजार के आगे मौजाबाड़ी में स्थित पुल कम चौड़ा एवं नीचे होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल को ऊँचा एवं चौड़ी कर पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कर कार्रवाई करना

*2308. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सारण के एकमा विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड एकमा अन्तर्गत एकमा से सरयूपार तक सड़क निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 में कार्य आंवटित किया गया था परन्तु अबतक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इसके लिये दोषी संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव से रोकथाम हेतु कार्रवाई

*2309. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघल बैंक प्रखंड के पथरघट्टी पंचायत के ग्वाल टोली एवं बगाइना पंचायत के सतमड़ी गाँव का कंकाई नदी से कटाव हो रहा है, जिससे हर साल सैकड़ों एकड़ भूमि तथा सैकड़ों परिवारों को विस्थापन के लिये विवश होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कटाव से रोकथाम हेतु कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2310. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के एस०एच०52 सलेमपुर गाँव से सलहा होते हुये अधवारी तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2311. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत प्रखंड नरपतगंज के पंचायत दरगाहीगंज एवं देवीगंज के बीच गेरूआधार पर रेल पुल के सामान्तर जाने वाली सड़क में पुल का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण आवागमन के क्रम में उक्त धार में विगत 5 वर्षों में दर्जनों व्यक्तियों की डूबने से मौत हो गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण एवं दोषी संवेदक पर कार्रवाई

*2312. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत बनियापुर प्रखंड के ग्राम-भैया राम की धवरी से कल्याणपुर विद्या पाठक के घर तक एवं बनियापुर, बंसतपुर से नोनिया टोला तक वित्तीय वर्ष 2019-20 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से निर्मित सड़क में गुणवत्ता की कमी, घटिया सामग्री का इस्तेमाल एवं तय मानक के अनुसार कार्य नहीं कराये जाने के कारण उक्त सड़क जर्जर हो गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तय मानक के अनुसार सड़क निर्माण नहीं कराने वाले दोषी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2313. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ बाजार की सड़क सिंगल पथ रहने के कारण जाम की समस्या से हर रोज आमआदमी को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महुआ बाजार स्थित पथ का चौड़ीकरण कराने तथा ऊपरी पथ या बाइपास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2314. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर नगर पंचायत अन्तर्गत मुगल कैनाल (नहर) का पश्चिमी दायाँ बाँध गोला बाजार से चित्रसेनपुर तक जर्जर है, जबकि पूर्वी बायाँ बाँध पर सड़क निर्मित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर के पश्चिमी दायाँ बाँध पर भी सड़क का निर्माण कराकर बाँध को सुदृढ़ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधक कार्य करवाना

*2315. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला किशनगंज के टेढ़ागाछ प्रखंड के क्रमश: निशन्द्रा एवं धापर टोली नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2316. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखंड अन्तर्गत गौरीपुर पंचायत में रोड नम्बर 18 से कुम्हार टोली होते हुये डुब्बी घाट तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का निर्माण

*2317. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहां प्रखंड अन्तर्गत तुरकौलिया पंचायत के सोनबरसा ग्राम से लेकर सोनबरसा थाना तक अधवारा एवं लखनदेई नदी पर बाँध नहीं होने से एक दर्जन से ज्यादा प्रखंड प्रभावित होता है तथा वह इलाका बाढ़ के पानी में तीन महीना तक डूबा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर बाँध बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2318. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 19 जनवरी, 2018 को सम्राट अशोक रिसर्च सेंटर, अगमकुआँ के उद्घाटन के अवसर पर तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्री, पथ निर्माण एवं माननीय मंत्री, केन्द्रीय स्वा0 एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार की उपस्थिति में यह घोषणा हुई थी कि पटना जिला मुख्यालय स्थित सैदपुर पहाड़ी नाला इसी वित्तीय वर्ष में पाटकर डबल डेकर एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सैदपुर पहाड़ी नाला पाटकर सड़क बनवाने की घोषणा के बाद भी अबतक निर्माण कार्य करने की दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने घोषणानुसार उक्त एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य को सम्पन्न कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नया पुल का निर्माण

*2319. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत एन0एच0 30 के परसथुआ बाजार से महावीर स्थान (भभुआ-चौसा पथ) में जाकर मिलने वाली 40 किलो मीटर लम्बी पथ का निर्माण पी0डब्लू0डी0 द्वारा किया गया है, परन्तु उक्त पथ में परसथुआ बाजार से 20 किलो मीटर की दूरी पर स्थित धर्मावती नदी पर पुराना शकरा पुल का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण लोग एक छोर से दूसरे छोर पर बड़ी गाड़ी से नहीं जा पाते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ के धर्मावती नदी पर नया पुल् का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*2320. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत चकपहाड़ पंचायत के चकपहाड़ एंव रजवाड़ा ग्राम में नून नदी पर पुल का निर्माण विगत 3 वर्ष पूर्व कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल में सम्पर्क पथ नहीं होने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नया पी0सी0सी0 पुल का निर्माण करना

*2321. श्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी (क्षेत्र संख्या-95 काँटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मड़वन प्रखंड में एन0एच0 102 बीबीगंज से शुभंकरपुर तक जानेवाली पथ में फतेहपुर फरदो नदी पर पूर्व से निर्मित पुल जर्जर रहने के कारण वाहनों के आवागमन बाधित होने से आम जन-जीवन प्रभावित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त एवं जर्जर पुल को विनिष्ट कर उसके स्थान पर नया पी0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का निर्माण करवाना

*2322. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ प्रमंडल के अधीन जिलों में निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी के लिए ई0 एस0 आई0 डिस्पेंसरी की व्यवस्था नहीं है, जिससे यहां कार्यरत कर्मचारी ई0 एस0 आई0 सुविधा से वंचित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मजदूरों के हित में पूर्णियाँ में ई0 एस0 आई0 अस्पताल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*2323. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड के तुर्की से (पानापुर)-महम्मदपुर तक तथा तुर्की (पानापुर) महावीर मंदिर से रसौली प्रखण्ड मुख्यालय तक का पथ जर्जर है, जिस कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*2324. डॉ0 सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला परिषद् में अभियंता के पद पर कार्यरत अभियंता का मूल पदस्थापन, तकनीकी सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल सासाराम, प्रभारी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल सासाराम में था तथा दिनांक 20 सितम्बर, 2020 को पुन: उनका स्थानांतरण योजना एवं विकास विभाग, पटना में किया गया, लेकिन उन्होंने न तो सासाराम में योगदान दिया, न ही पटना में तथा लगातार चार वर्षों से नालंदा जिला परिषद् में ही कार्यरत है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

नहर का जीर्णोद्धार

*2325. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में मोड़वे डैम का नहर कजरा तक जाती है, वह जर्जर है तथा नहर गाद से भरा हुआ है तथा सिंचाई-2 जमुई के दायाँ भाग का शाखा नहर कुन्दर से वन्नू बगीचा, लाखोचक, वंशीपुर एवं गोडिडह तक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का उड़ाही के साथ आर0 सी0 सी0 एवं कुन्दर शाखा नहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तालाब का जीर्णोद्धार

*2326. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे एक सरकारी तालाब है तथा तालाब के चारों ओर सरकारी भू-खण्ड है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल-जीवन हरियाली योजना से उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

साईफन का निर्माण

*2327. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बिरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत माँझा प्रखंड के परशुरामपुर बाजार के निकट से गुजरने वाली नहर में साईफन का निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त साईफन का निर्माण पूरी तरह से नहीं होने के कारण हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि बेकार पड़ी हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त साईफन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि का भुगतान

*2328. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के छपरा में राज्य के प्रथम डबल डेकर सड़क निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2016-17 में सरकार द्वारा दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डबल डेकर सड़क के निर्माण हेतु शहर के लगभग पांच सौ घरों को बिना मुआवजा राशि दिए तोड़ने का मौखिक आदेश जिला प्रशासन, सारण द्वारा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण से प्रभावित घरों के मालिकों को नियमानुकूल मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत योजना की स्वीकृति वर्ष 2017-18 में पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 8796 (एस), दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 द्वारा दी गयी है तथा कार्य प्रगति में है।

(2) अस्वीकारात्मक ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि छपरा शहर स्थित कटहरी बाग मोड़ से नगरपालिका चौक के बीच (लगभग 900 मी0) दोनों तरफ असर्वेक्षित भूमि पर बने मकानों के आंशिक रूप से तोड़े जाने की आवश्यकता को देखते हुए मकान मालिकों को क्षतिपूर्ति भुगतान राशि देने के बिन्दु पर उच्चस्तरीय निर्णय विचाराधीन है ।

---

शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराना

*2329. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत धुरगाँव राजस्व ग्राम्य पंचायत के भड़रापोखर, महमदपुर, एवं अन्य गाँव में जलमीनार का निर्माण वित्तीय वर्ष 2016-17 में ही हर घर नल का जल मुहैया कराने का उद्देश्य से किया गया है, किन्तु पेय जल की आपूर्ति नहीं हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक-एक गाँव में से तीन पाइप लाइन का भी निर्माण किया गया है जो मानक के अनुरूप तीन फीट जमीन के अंदर नहीं है तथा चेक भल्व एवं गेट भल्व नहीं लगाया गया है, जबकि राशि की निकासी कर ली गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने के साथ ही आमलोगों को घर शुद्ध पेय-जल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रखंड भवन का निर्माण

*2330. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया अन्तर्गत टिकारी एवं कोंच प्रखंडों में प्रखंड कार्यालय का भवन जर्जर है, जिसके कारण पदाधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य सम्पादन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

एन० ओ० सी० देना

*2331. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगडिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखंड में बलुआही से बखरी ढाला तक बाइपास सड़क निर्माण के लिये जल संसाधन विभाग के पत्रांक 2177, दिनांक 1 जून, 2020 द्वारा पथ निर्माण विभाग को Anti Flood Sluice संरचना निर्माण के साथ सशर्त एन० ओ० सी० दिया गया किन्तु पथ निर्माण विभाग द्वारा उक्त संरचना निर्माण में असमर्थता व्यक्त किया गया, जिससे बाइपास का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बिना शर्त के एन० ओ० सी० देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2332. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के कोठी हाट स्थित ए० बी० सी० नहर पर बना पुल जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर के दोनों तरफ घनी बसावट है जिसे जर्जर पुल से गुजरने में प्रतिदिन घंटों जाम में फसे रहना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2333. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत गैधरा-खिरी सड़क के बीच ग्राम-खरिका के पास पुल नहीं है, जिसके कारण आमजनता को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाइपास का निर्माण

*2334. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखंड मुख्यालय कुर्था में बाइपास निर्माण हेतु प्रस्ताव सरकार के पास स्वीकृति हेतु विगत एक वर्ष से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुर्था प्रखंड मुख्यालय में बाइपास के अभाव में प्रतिदिन सड़क जाम रहने के कारण आम नागरिकों एवं वाहनों के आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रस्तावित कुर्था बाइपास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2335. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार एवं झौवा बहियार पंचायत, जो कि गंगा नदी के उस पार (दूसरे किनारे) अवस्थित है, वहां के लोगों को नदी पर पुल नहीं रहने के कारण प्रखंड या जिला मुख्यालय आने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार हरिणमार एवं झौबा बहियार पंचायत के लोगों की समस्या को दूर करने के लिये कबतक गंगा नदी पर पीपा पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2336. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमरॉव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत मड़ियां और इटौंहा गाँव के बीच छेरा नदी पर पुल नहीं होने की वजह से हजारों की आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2337. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड एकमा, मांझी एवं लहलादपुर में निर्मित ग्रामीण सड़कों तथा बड़े-छोटे पुल-पुलियों का मेंटेनेंस के नाम पर संवेदकों एवं पदाधिकारियों की मिली भगत से विगत दो वर्ष पूर्व राशि की निकासी करने के बावजूद सड़कों की मरम्मती का कार्य ससमय नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की समय पर मरम्मती नहीं करवाने वाले संवेदकों तथा पदाधिकारियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*2338. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड में सड़क सं० एस० एच० 99, जो बायसी से दिघल बैंक तक जाती है उसमें रौटा बाजार के पास दुर्गा मंदिर से कनसस एकेडमी स्कूल तक सड़क के दोनों तरफ नाला नहीं होने एवं सड़क नीचे होने के कारण बरसात के दिनों में विगत 05 वर्षों से जल-जमाव रहता है, जिसके तरफ कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के दोनों तरफ नाला के साथ उसका ऊँचीकरण कराते हुये कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई की सुविधा प्रदान कराना

*2339. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ० जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकंदरा प्रखंड के अन्तर्गत अपर किउल सिंचाई परियोजना में सिकंदरा ब्रांच एवं रघुनाथपुर ब्रांच की खुदाई नहीं होने से उक्त प्रखंड के हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ब्रांच की खुदाई करवाकर सिंचाई सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चौड़ीकरण करते हुये पक्कीकरण कराना

*2340. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रखंड पिपरा के पंचायत दुबीआही बसुली गाँव से लालपुर होते हुये निर्मली के धरहरा महादेव स्थान को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण विगत पन्द्रह वर्ष पूर्व कराया गया था, जो विगत दस वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण बरसात के दिनों में सड़क पर पानी लग जाता है तथा यातायात बुरी तरह प्रभावित हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सिरे से चौड़ीकरण कराते हुये पक्कीकरण कराने का विचार कराती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाइपास सड़क का निर्माण

*2341. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराव नगर परिषद् अन्तर्गत स्टेशन रोड़ शहर का एकमात्र मुख्य मार्ग है जो यातायात दाब के कारण हमेशा जाम रहता है, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डुमराव नगर परिषद् अंतर्गत बाइपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि बक्सर जिला के अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 120 के डुमरांव शहर में कभी-कभी जाम की समस्या होती है। जाम की समस्या के निदान हेतु राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 120 के मार्गरेखन अनुमोदन में डुमराँव शहर के बाइपास निर्माण की स्वीकृति सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिसम्बर, 2020 में प्रदान की गयी है। बाइपास की कुल लम्बाई 5.30 कि०मी० है। भूमि अधिग्रहण का प्राक्कलन स्वीकृति हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को समर्पित किया गया है।

(2) बाइपास के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। भूमि अधिग्रहण के पश्चात् निर्माण कार्य हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

बाइपास के निर्माण के पश्चात् जाम की समस्या से निजात पाया जा सकेगा ।

-------------

कटाव से निजात दिलाना

*2342. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के सोनवर्षा कब्रिस्तान का पाँच वर्षों से तिलावे नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तिलावे नदी के कटाव से रोकथाम के लिये फ्लग-फॅटिम कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बोल्डर पीचिंग कराना

*2343. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के वीरगाँव चतरा पुल से उत्तर एवं दक्षिण दोनों तरफ सुरसन नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2344. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहनपुर में बीची पहड़ी से पथरा होते मंझौली बाजार तक 4 कि०मी० की सड़क आजतक कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड मोहनपुर के ग्राम पंचायत-अम्मातरी, केवला तथा लखैपुर की आमजनता को प्रखंड मुख्यालय तक पहुँचने के लिये यही एकमात्र सड़क है जिसके कच्ची रहने से आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । प्रखंड मोदनपुर में बीची पहड़ी से पथरा होते हुये मंझौली बाजार तक पथ का वास्तविक नाम ''एल024 से कोयाकला भाया मंझौली'' है, जिसकी कुल लम्बाई 2.60 कि०मी० है।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि एल०24 से कोयाकला भाया मंझौली तक पथ, जिसकी लम्बाई, 2.60 कि०मी० है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया में है। तद्नुसार निर्माण कराया जाना संभव हो सकेगा ।

-------------

पथ का पक्कीकरण

*2345. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चकिया प्रखंड के जीतौरा गोपालपुर हिरा पासवान के घर से विश्वनाथ राम के घर तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 0.75 कि०मी० है। हिरा पासवान का घर जितौरा ग्राम में चकिया मधुरापुर पी०डब्लू०डी० रोड से जितौरा गोपालपुर पी०एम०जी०एस०वाई० पथ पर अवस्थित है एवं विश्वनाथ राम का घर जितौरा गोपालपुर में ही एन०एच० 28 परसौनी खेम तक एम०एम०जी०एस०वाई० से निर्माणाधीन पथ पर अवस्थित है। यह पथ आंतरिक पथ होने के कारण किसी भी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है। अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

पथ का जीर्णोद्धार

*2346. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के शिवसागर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-कोनार से ग्राम-बरैला सहित करीब 12-13 गाँवों को जोड़ने वाला कोनार-बरैला पथ का निर्माण विगत् 4 वर्ष पूर्व किया गया था, जो अब पूर्णतया जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2347. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के बैट मुसहरी डीह टोला में गोतीमंडल के घर से तारारही संथाल चौक मधेपुरा सीमा तक की सड़क विगत् चार वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराकर पार्क का निर्माण

*2348. डॉ0 सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ नगर निगम के भैंसासुर में पीली कोठी के नाम से प्रसिद्ध जिला परिषद् का जमीन जिसका मौजा-माही खण्डक, थाना नं0 116, तौजी नं0 110088, खाता नं0 42, 48, 49 एवं खेसरा सं0 136, 1137, 145, 137/856, 135 है, पर जिला परिषद् के मिली-भगत से भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि उसी जमीन के अंश पर जिला परिषद् का दुकान एवं जलमीनार निर्मित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये चहारदीवारी का निर्माण कराने एवं पार्क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*2349. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड के मधुबनी पंचायत के मधुबनी ग्राम में सिजुआ नदी पर स्लूईस गेट नहीं रहने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । स्थल पर विस्तृत सर्वेक्षण कराया जायेगा । सर्वेक्षणोपरान्त स्लूईस गेट (वीयर) की योजना तकनीकी दृष्टिकोण से सम्भाव्य (Feasible) पायी जाती है तो रूपांकण कराकर एवं डी0पी0आर0 तैयार कराकर विहित प्रक्रियां के तहत निधि उपलब्धता के आधार पर निर्माण की कार्रवाई की जायेगी ।

पुल का निर्माण

*2350. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के मझुआ पंचायत के गोपालपुर एवं महेशमुद्दी गाँव के बीच ए0बी0सी0 नहर पर पुल नहीं है, जबकि नहर के दोनों तरफ घनी बसावट है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण

*2351. श्री रित लाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत दानापुर प्रखंड के दियारा में जाने हेतु गंगा नदी पर पीपा पुल का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह सही है कि हर साल पीपा पुल के रख-रखाव एवं खोलने-जोड़ने पर एक बड़ी सरकारी राशि व्यय की जाती है पर पीपा पुल वर्ष में मात्र आठ माह के लिये ही रहता है साथ ही पुल जर्जर स्थिति में रहने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दानापुर दियारा के निवासियों के आवागमन हेतु पीपा पुल के बदले R.C.C. पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि पीपा पुल से हल्के वाहनों का परिचालन हो रहा है ।

इस पीपा पुल के लगाने, मेनटेन करने एवं दोनों तरफ पहुँच पथ ठीक रखने हेतु 5 वर्षों के लिये निविदा के उपरान्त संवेदक को कार्य दिया गया है । जिसके द्वारा अपने मजदूरों एवं मेट गैंग के माध्यम से प्रत्येक दिन पीपा पुल में आयी कोई त्रुटि अथवा खराबी (जैसे नट-वोल्ट टूटना आदि) की मरम्मती शीघ्रताशीघ्र कर आवागमन चालू रखा जा रहा है साथ ही किसी तरह की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत मरम्मती कार्य कराकर आवागमन जारी रखा जा रहा है ।

इस प्रश्नाधीन पुल के अप-स्ट्रीम में लगभग 8.00 किलो मीटर पर शेरपुर-दिघवारा के बीच NHAI द्वारा गंगा नदी पर पुल प्रस्तावित है । जबकि डाउन-स्ट्रीम में 5.00 किलो मीटर पर जे0पी0 सेतु पुल अवस्थित है । इसके अतिरिक्त जे0पी0 सेतु के समानान्तर 4 लेन पुल प्रस्तावित है ।

-------

नाला का निर्माण

*2352. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत जयप्रकाश नाला ध्वस्त हो गया है, जिससे फुलवारी, कुसहरा पंचायत सहित 5 पंचायत में दाहा नदी से होने वाली सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जयप्रकाश नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क की मरम्मती कराना

*2353. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंडान्तर्गत करनामेपुर से धर्मागतपुर तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण आमजनता को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खुदाई करवाना

*2354. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड के रतनपुरा ग्राम में 8 बीघा का तालाब है, जिससे लगभग 200 बीघा में सिंचाई होता था, लेकिन तालाब में गाद भर जाने एवं 20 वर्षों से खुदाई नहीं होने से जल संचय नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब का खुदाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । प्रश्नाधीन तालाब का निरीक्षण कराया गया है। उक्त तालाब का रकबा 5 एकड़ से अधिक है तथा उसके पूर्व भाग के भींड पर ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण किया गया है एवं उसी भाग में कुछ पक्का अतिक्रमण भी है । अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मुंगेर के पत्रांक 190, दिनांक 1 मार्च, 2021 द्वारा अंचलाधिकारी, संग्रामपुर मुंगेर को लिखा गया है।

निर्मित सड़क को छोड़कर तालाब के अवशेष भाग का जीर्णोद्धार कार्य प्राक्कलन तैयार कराकर एवं निधि उपलब्धता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत करा दिया जायगा । अतिक्रमण मुक्त होने पर अतिक्रमित भाग का भी कार्य करा दिया जायेगा ।

---

आवासित करना

*2355. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्य यह बात सही है कि जल-जीवन हरियाली योजना के तहत मकान को तोड़ा जा रहा है जबकि पहले गरीब परिवार को जमीन देकर घर बनाकर ही विस्थापित करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के रामगढ़ प्रखंड के औरे गाँव में इन्दिरा आवास योजना से निर्मित आवास सी0 ओ0, रामगढ़ एवं थानेदार द्वारा तोड़ दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमिहीन गरीब व्यक्ति के आवास तोड़ने के पहले दूसरे जगह आवास बनाकर देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण

*2356. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड के पंचायत दुबीआही ग्राम से लालपुर होते हुए दुबीआही तक सड़क का निर्माण 15 वर्ष पूर्व हुआ था जो पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ीकरण कराते हुए पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चौड़ीकरण के साथ फ्लैंक की मरम्मती कराना

*2357. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा, शिवाजीनगर, बहेड़ी आर0 सी0 डी0 पथ सिंगल लेन रहने की वजह से अक्सर दुर्घनाएं होती है, जिसमें जान-माल का नुकसान होता है, यदि हाँ, तो सरकार इस पथ को डबल लेन का स्वरूप देते हुए चौड़ीकरण के साथ फ्लैंक की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कैनाल का जीर्णोद्धार

*2358. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोध गया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखड के नौडीहा पईन-आहर का जीर्णोद्धार लगभग 30 वर्षों से नहीं हुआ है जिसके चलते 04 पंचायतों के लोगों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि बारा भारे एवं नगमां प्रखंड में वैकल्पिक सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नौडीहा पईन, आहर का जीर्णोद्धार करते हुए उससे निकले वितरणी कैनाल को उपयोग के लायक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । प्रश्नगत योजना जिला परामर्शदातृ समिति से अनुशंसित है । डी0 पी0 आर0 तैयार कराया जा रहा है। निधि उपलब्धता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत इस योजना का कार्यान्वयन कराया जायेगा ।

---

पथ का निर्माण

*2359. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत सदर प्रखण्ड के नौगढ़ ग्राम पंचायत के रेड़िया गाँव के रेड़िया टेकारी नदी से ग्राम-नवडीहा तक एवं हारी बारी गाँव से सहाय विगहा-चतरा तक की पथ जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सार्वजनिक रास्ता पर आवागमन बहाल कराना

*2360. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ0 जा0)) --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड-बिरौल, पंचायत-अरंगा उसरी, ग्राम-मजरगाही के महादलित (राम) टोला से बाहर निकलने वाला सार्वजनिक रास्ता को दबंग लोगों ने वहां पदस्थापित सी0 ओ0, डी0 एस0 पी0 एवं थानाध्यक्ष के सहयोग से दिनांक 16 नवम्बर, 2020 को महादलित समुदाय के साथ मारपीट कर बंद कर दिया है, जिससे महादलित लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महादलित टोला के सार्वजनिक रास्ता पर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पुनर्निर्माण

*2361. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत लकड़ीनवीगंज प्रखंड के सभी पंचायतों में वर्ष 2020 में आई भीषण बाढ़ के कारण डुमरा से सिकटिया तथा मुशाहेरी बाजार से भराछी तक जानेवाली सड़क पूर्णत: जर्जर हो गयी है जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*2362. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ विधान सभा क्षेत्र के नरहट प्रखंड के जमुआर पंचायत के राहुल नगर महादलित बस्ती वालों को आने-जाने के लिये उक्त बस्ती में स्थित चचरी पुल का उपयोग करना पड़ता है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत के महादलित बस्ती के लोगों को आने-जाने की सुविधा के लिये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*2363. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के चेरिया गांव में गंडक नदी पर पुल नहीं होने से पाँच प्रखंड की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है । पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित ग्राम-चेरिया को एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्मित सूर्यपुरा चौक से जयरामपुर पथ होते हुये चेरिया घाट तक पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरी तरफ अवस्थित ग्राम-बरियारपुर को आर० सी० डी० पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । पुल के अप स्ट्रीम में 5.0 कि० मी० पर उच्चस्तरीय आर० सी० सी० पुल निर्माणाधीन है । अत: पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

## पुल का निर्माण

*2364. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड कल्याणपुर में भुवन छपरा पंचायत के भुवन मानछी अनुसूचित जाति बस्ती के निकट आर० डब्लू० डी० पथ में पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण आमजनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ में अनुसूचित जाति बस्ती के निकट ध्वस्त/क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल शीर्ष 3054 एम० आर० योजना अन्तर्गत स्वीकृत चकिया से पुरन छपरा पथ पर अवस्थित है । स्वीकृत पथ के प्राक्कलन में क्षतिग्रस्त पुल के जगह नये पुल का निर्माण का प्रावधान है । उक्त पथ के मरम्मती के साथ पुल का निर्माण करा लिया जायेगा ।

--------

सड़क एवं पुल निर्माण

*2365. श्री विनोद नारायण झा (क्षेत्र संख्या-32 बेनीपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड अन्तर्गत चानपुरा पश्चिम मध्य विद्यालय के नजदीक की सड़क वर्ष 1987 से जर्जर रहने तथा चानपुरा पश्चिम एवं नवगाछी को जोड़ने वाली सड़क पर पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन अवरूद्ध पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थान पर सड़क एवं पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*2366. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा सदर प्रखंड के लक्ष्मीसागर, छपकी से गढ़िया जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क अत्यन्त जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग को पुनः चालू करवाना

*2367. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत सोनापुर पंचायत के सरहद टोला में एवं दुर्गा मंदिर के पास स्टेट बोरिंग विगत् वर्ष से खराब होकर बंद है, जिसके कारण किसानों की हजारों एकड़ जमीन में सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बोरिंग की मरम्मती कर पुनः चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*2368. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियां (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखंड मोहनियां अन्तर्गत पंचायत बम्हौर के ग्राम-बरैथा, बक्सर-मोहनियां राजमार्ग से 5 कि० मी० अंदर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बक्सर-मोहनियां पथ से ग्राम-बरैथा जाने वाली सड़क जर्जर रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2369. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया प्रखंड के कटैया पंचायत में लंगड़ी कटैया एवं योगापट्टी प्रखण्ड के पंचायत राज चौमुखा के टोला शेरा चौमुखा में पुल नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ओवर ब्रिज की मरम्मती

*2370. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा शहर में वर्ष 2006 ई० में उद्घाटित कटहलवाड़ी रेलवे ओवर-ब्रिज जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ओवर ब्रिज की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*2371. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत देव प्रखंड के पूर्वी केताकी ग्राम पंचायत के ग्राम-विश्रामपुर से रसलपुर माईनर 01 होते मोखैता तक एवं विश्रामपुर गाँव के केशहर पुल से देवजरा तक का पथ जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*2372. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के वीरगाँव चतरा पंचायत के वार्ड नं० 2 में विश्वकर्मा मंदिर के पास नवसृजित प्राथमिक विद्यालय निर्मित है, के बगल से जे०बी०सी० नहर गुजरती है, जिसके दोनों तरफ गाँव टोला आवासित है, किन्तु नहर पर पुल नहीं होने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल निकासी कराना

*2373. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कल्याणपुर उत्तर स्थित मेहषी चौर में सालों भर जल-जमाव रहता है, जिससे किसानों का 250 एकड़ भूमि में फसल नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चौर से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2374. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला में पथ प्रमंडल, अररिया के खुट्टी चौक, मालोपाड़ा, मेंहदीनगर, हरवा-दमरा पथ के 10वें कि०मी० में स्थित पुल विगत 2 वर्षों से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण जोकीहाट से पूर्णियाँ जिला मुख्यालय जाने में आमजनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2375. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत अमीराबाद से अलीनगर तक आजादी के 74 वर्ष बीत जाने के बाद भी पक्की सड़क से सम्पर्क नहीं हो सका है जबकि अधीक्षण अभियंता, ग्रा०का०वि०, कार्य प्रमण्डल, पूर्णियाँ के पत्रांक 1112 अनु०, दिनांक 18 जुलाई, 2019 द्वारा प्रस्तावित 8.273 कि०मी० लम्बी सड़क के निर्माण कार्य एवं पंचवर्षीय संपोषण सहित 1758.42 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से बनने वाली एन०एच० 131ए से अलीनगर तक सड़क का डी०पी०आर० मुख्य अभियंता 2, ग्रा०का०वि०, बिहार, पटना ने अपने पत्रांक 3188, दिनांक 19 अगस्त, 2019 द्वारा तकनीकी अनुमोदन कर परियोजना प्रबंधक, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पास प्रशासनिक स्वीकृति हेतु भेजा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

-------------

सिंचाई की सुविधा प्रदान कराना

*2376. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर प्रखंड के धेरूख गाँव में सत्तर के दशक में कमला नदी पर बैरेज का निर्माण हुआ था, जो ध्वस्त हो गया है, जिससे आस-पास के किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ध्वस्त/जर्जर बैरेज की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*2377. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत एस०एच० 96 से एन०एच० 101 को जोड़ने वाली, जामों से हरदिया तक के पथ की लम्बाई लगभग 11 कि०मी० है, जो वर्तमान में 3.75 मी० चौड़ी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वह पथ छपरा, मोतिहारी, बेतिया, मुजफ्फरपुर आदि सहित अन्य जिलों को जोड़ने वाली अतिमहत्वपूर्ण पथ है, जो घनी आबादी वाले कृषि आधारित क्षेत्रों के बीच अवस्थित है, किन्तु चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण नहीं होने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनायें होती रहती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*2378. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हर घर नल का जल पहुँचाने का कार्य पूरे बिहार में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत जहानाबाद एवं रतनीफरीदपुर प्रखंड के पेंडोल पंचायत के पट्टी बीघा ग्रामीण सड़क एवं रतनी पंचायत के खसीया ग्रामीण पथ में पूर्व निर्मित पी0सी0सी0 को तोड़कर पाइप बिछा दिया गया है किन्तु पी0सी0सी0 की मरम्मती नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त रतनीफरीदपुर के सभी पी0सी0सी0 सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*2379. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड के पुराना भवन को वर्ष 2018-19 में तोड़कर नया प्रखंड भवन का निर्माण कराया गया है तथा नये भवन में प्रखंड कार्यालय स्थानांतरित हो गया है, परंतु पुराने भवन का ईंट, दरवाजा, खिड़की एवं लोहे का ग्रिल आदि को बिना नीलामी के अभिकर्ता को ही दे दिया गया है, यदि हाँ, तो पुराने भवन के अवशेषों की नीलामी नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

--------

जाँच करवाना

*2380. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड के हसपुरा-मेहँदिया पहुँच पथ का निर्माण नवम्बर, 2020 में कराया गया है, परंतु प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुरूप नहीं बनाये जाने के कारण आधी से अधिक सड़क उखड़ चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के घटिया निर्माण की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उड़ाही एवं सुदृढ़ीकरण कराना

*2381. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी नगर निगम की सीमा के चारों तरफ जल संसाधन विभाग की नहर है जिसमें गाद भर गया है, जिसके कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है तथा बरसात में शहर में जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मधुबनी नगर निगम के चारों तरफ के नहरों की उड़ाही एवं बोल्डर पीचिंग कराते हुये सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उड़ाही कराना

*2382. डॉ0 सत्येन्द्र यादव (क्षेत्र संख्या-114 मांझी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के पंचायत तिरहुता, ग्राम-तिरहुता, वार्ड नं0 2 में सरकारी तालाब है जिसका खाता नं0 336, खेसरा नं0 2897, रकबा 2 विगहा है जिसमें गंदगी के कारण तालाब का पानी दूषित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब के उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रोजगार दिलाना

*2383. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड के पिपरावगही, मटपा एवं अन्य पंचायत में मरनेगा के तहत प्रति व्यक्ति को 100 दिन का रोजगार देना है, परन्तु पति-पत्नी या उस घर के दो व्यक्तियों को 50+50 बराबर 100 दिन के हिसाब से जोड़कर रोजगार दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में प्रति व्यक्ति को 100 दिन रोजगार देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2384. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ0जा0))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत जिला परिषद्, पटना में प्राप्त पंचम वित्त आयोग मद में सरकार से प्राप्त आवंटन पंचायत समिति एंव जिला परिषद् का वित्तीय वर्ष 2018-19 की प्रतिनिधायन एवं अनुदान की राशि एवं वित्तीय वर्ष 2019-20 की प्रथम किस्त की प्रतिनिधायन एवं अनुदान की राशि तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 की त्रिस्तरीय पंचायत की नियत भत्ता जो कुल राशि 28,92,48,515.00 (अठाईस करोड़ बेरानवें लाख अड़तालिस हजार पाँच सौ पन्द्रह) रुपया की थी, पदाधिकारी के उदासीनता के कारण खर्च नहीं हो सका, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राशि खर्च नहीं करने वाले दोषी तत्कालीन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, पटना पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*2385. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत मौजा-तलखापुर एवं भगवतिपुर, अमधरा में बागमती नहर का बायाँ तटबंध अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल अधिकारी, डुमरा (सीतामढ़ी) द्वारा पत्रांक 02, दिनांक 29 जनवरी, 2020 द्वारा विहित प्रपत्र में अतिक्रमणकारियों की सूची संलग्न कर कार्यपालक अभियंता जल निस्सरण प्रमंडल, सीतामढ़ी को अतिक्रमणवाद दायर करने हेतु लिखा गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रणकारियों से तटबंध को मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रखंड का दर्जा देना

*2386. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के देवरिया को प्रखंड बनाने का मामला करीब दस वर्षों से विचाराधीन है, जबकि देवरिया अभी बिहार में आठवें बड़े प्रखंड पारू के अन्तर्गत है, जिससे आमलोगों को प्रखंड से संबंधित कार्य सम्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक देवरिया को प्रखंड का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2387. श्री मनोज मँजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगिआँव के बरूणा ननउर पथ उक्त क्षेत्र की जनता को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने का एकमात्र मार्ग है, जिसके जर्जर रहने से आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

*2388. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा जिला में खुली निविदा के माध्यम से योजनाओं को कार्यान्वित की जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन प्रमंडल, जहानाबाद के द्वारा भवन मरम्मती के लिये अति अल्पकालीन निविदा सूचना 11, वर्ष 2020-21 पी0 आर0 008895 (बी0सी0डी0) 2020-21 एवं निविदा सूचना संख्या 13, वर्ष 2020-21, पी0 आर0 01179 (बी0सी0डी0) 2020-21 स्थानीय समाचार-पत्र के माध्यम से प्रकाशित की गई जबकि वर्ष 2020-21 में सूचना 1 से 10 एवं 12 का प्रकाशन स्थानीय समाचार-पत्र में नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अप्रकाशित सूचना को सार्वजनिक करने एवं जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2389. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत केनगर प्रखंड में कोबरा पंचायत के जितियाधार के संथाल टोला से नया नगर तक की सड़क कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन में अवस्थित बसावटों को छूटे हुये बसावटों को सम्पर्कता प्रदान करने के तहत सर्वे कार्य करा लिया गया है । तद्नुसार समीक्षोपरान्त अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2390. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत गायघाट नहर पुल से नहर होते हुये बरमसवा जानेवाली कच्ची सड़क जर्जर है, जो यातायात के दृष्टिकोण से चार पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2391. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान सभा के एस0 एच0 65 आझोकोपा से धर्रापट्टी होते हुये डोभा पेट्रोल पम्प तक सड़क निर्माण हेतु वर्ष 2019-20 में ही निविदा हो चुका है, परंतु 8 किलो मीटर लम्बी उक्त सड़क का निर्माण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन आहर का जीर्णोद्धार

*2392. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोध गया (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के नारायणपुर बाँध पईन आहर का जीर्णोद्धार लगभग 35 वर्षों से नहीं हुआ है, जिसके चलते 7 पंचायतों के लोग सिंचाई से वंचित है, जबकि टनकुप्पा एवं मानपुर प्रखंड में वैकल्पिक सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नारायणपुर बाँध पईन आहर का जीर्णोद्धार कराते हुये उससे निकलने वाले वितरणी कैनाल को उपयोगी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- स्वीकारात्मक । योजना का प्रारंभिक सर्वेक्षण कराया गया है । सर्वेक्षणोपरांत पाया गया कि नारायणपुर में Weir बना हुआ है । वर्तमान में वीयर के Down Stream का Floor टूट गया है तथा लगभग 200 मीटर तक नदी का बेड 5 मीटर तक गड्ढा हो गया है ।

उक्त स्थल पर वर्तमान में वीयर बनाना तकनीकी दृष्टिकोण से सम्भाव्य (Feasible) नहीं है ।

वीयर के Down Stream में सर्वेक्षण करने के पश्चात् यदि वीयर बनाना सम्भाव्य होगा तो उसका रूपांकण कराकर निर्माण कराया जायेगा ।

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*2393. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत धमदाहा प्रखंड के किशन टोली (बालू टोला) के पास कोसी नदी के मुहाना को अतिक्रमित कर लिया गया है, जिससे मुहाना बंद हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर मुहाना बंद होने के कारण बरंडी नदी में बाढ़ आने से कटिहार जिला के फलका, कोढा बरारी, कुर्सेला, समेली प्रखंडों में लाखों हेक्टेयर फसल बर्बाद हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मुहाना को अतिक्रमण मुक्त कराकर मुहाना खुलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2394. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के ग्राम-लंगड़ी ढ़ेलहारी से वीरम परसा तक सोंधी नदी के बाँध पर सड़क कच्ची है, जिसके कारण बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार सोंधी नदी के बाँध पर के सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट बनाना

*2395. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के नगरपारा बाँध पर पहाड़पुर और कुसाहा गाँव के बीच में लोरम धार के पास-स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण किसानों के हजारों एकड़ भूमि पर जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लोरम धार के पास स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2396. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बाजपट्टी प्रखंड के हरपुरवा बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट से पंचायत मधुबन वसहा पूर्वी, बनभिरवा टोला तक जाने वाली सड़क में शिकाऊ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के हजारों परिवारों को वर्षात के समय आठ माह तक आवागमन अवरुद्ध हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नल-जल योजना प्रारम्भ करना

*2397. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पंचयाती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत खिजरसराय प्रखंड के जमुआमा पंचायत में ग्राम-सहवाजपुर वार्ड नं० 07 में अभीतक नल-जल योजना प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव के वार्ड नं० 07 में नल-जल योजना प्रारंभ करवाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2398. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मधुबन प्रखंड अंतर्गत पकड़िया बाजार माधोपुर गाँव होते हुये बाकी टीकन सीवान तक की सड़क कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क के पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2399. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राजापाकर प्रखंड के भूनेश्वर चौक से बसरा तक रोड एवं पुलिया नहीं रहने के कारण आमजनों को पैदल आने-जाने में भी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मानदेय का भुगतान

*2400. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 1221 अतिथि अनुदेशक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्य करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिथि अनुदेशकों को लॉकडाउन अवधि का मानदेय उन संस्था द्वारा नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिथि अनुदेशकों को लॉकडाउन अवधि का मानदेय भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कच्ची सड़क का पक्कीकरण

*2401. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत केनगर प्रखंड में झुन्नी स्तंब्रा पंचायत के संथाल टोला से बेगम होते हुये संथाल टोला तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन में अवस्थित बसावटों को छूटे हुये बसावटों को संपर्कता प्रदान करने के तहत सर्वे कार्य करा लिया गया है । तद्नुसार समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

--------

इंदिरा आवास देना

*2402. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रामगढ़ विधान सभा के प्रखंड रामगढ़ में 23, प्रखंड नुआंव में 10 तथा प्रखंड दुर्गावती में 13 इंदिरा आवास भूमि के अभाव में नहीं बना है, जबकि इंदिरा आवास के लिये पैसा आवंटित है तथा आवेदकों द्वारा लगातार प्रखंड में आवास बनाने हेतु आग्रह किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भूमि अधिग्रहण कर इंदिरा आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अंशत: स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि 1 अप्रैल, 2016 से इंदिरा आवास योजना के तहत नये आवासों की स्वीकृति बंद कर दी गई है ।

1 अप्रैल, 2016 से इंदिरा आवास योजना को पुनर्गठित कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वियन किया जा रहा है । प्रश्नगत सभी वास-भूमि विहीन लाभुक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हैं । योजना की प्रतीक्षा सूची में शामिल वास-स्थल विहीन लाभुकों को वास-भूमि क्रय करने हेतु 60 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में राज्य प्रायोजित ''मुख्यमंत्री वास-स्थल क्रय सहायता योजना'' प्रारंभ की गई है । इस योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची में शामिल वास-भूमि विहीन लाभुकों द्वारा पंचायत अंतर्गत योग्य वास-भूमि का चयन कर प्रखंड कार्यालय को सूचित किये जाने का प्रावधान है । रामगढ़ प्रखंड में 23 लाभुकों का आवास निर्माण वास-भूमि की अनुपलब्धता के कारण नहीं हो पा रहा है । संबंधित पंचायतों में वास योग्य सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है । 23 में से 7 लाभुकों के पास पारिवारिक विवाद के कारण भौतिक रूप से भूमि चिह्नित नहीं हो पाया है । वास-भूमि जल्द चिह्नित करते हुये आवास का निर्माण शुरू किया जायेगा । शेष 16 लाभुकों द्वारा वास-भूमि का चयन कर प्रखंड कार्यालय को सूचित नहीं किया गया है । इस कारण से ''मुख्यमंत्री वास-स्थल क्रय सहायता योजना'' का लाभ नहीं दिया गया है । नुआंव प्रखंड में 10 लाभुकों का आवास निर्माण वास-भूमि की अनुपलब्धता के कारण नहीं हो पा रहा है । संबंधित पंचायतों में वास योग्य सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है । संबंधित लाभुकों द्वारा वास-भूमि का चयन कर प्रखंड कार्यालय को सूचित नहीं किया गया है । इस कारण से ''मुख्यमंत्री वास-स्थल क्रय सहायता योजना'' का लाभ नहीं दिया गया है ।

दुर्गावती प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची में शामिल 13 लाभुकों वास-भूमि विहीन थे । इनमें से 2 लाभुकों को ''मुख्यमंत्री वास-स्थल क्रय सहायता योजना'' के तहत वास-भूमि उपलब्ध करायी गयी है । 7 लाभुकों द्वारा वास-भूमि का चयन कर प्रखंड कार्यालय को सूचित किया गया है । इन्हें इस योजना के तहत लाभ देने हेतु कार्रवाई की जा रही है । शेष 4 लाभुकों द्वारा वास-भूमि का चयन कर प्रखंड कार्यालय को सूचित नहीं किया गया है । इस कारण ''मुख्यमंत्री वास-स्थल क्रय सहायता योजना'' का लाभ नहीं दिया गया है । वास-भूमि चयन की सूचना प्राप्त होने पर ''मुख्यमंत्री वास-स्थल क्रय सहायता योजना'' अंतर्गत कार्रवाई की जाती है ।

चौड़ीकरण एवं मरम्मती कराना

*2403. श्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी (क्षेत्र संख्या-95 काँटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत काँटी प्रखंड में एन0 एच0 77 मेडिकल कॉलेज से विजयी छपरा होते हुये बागही तक कुल 10.676 किलो मीटर का पथ विगत बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने तथा पथ संकीर्ण रहने से आमजनों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के जीर्णोद्धार हेतु प्राक्कलित राशि 378.38 लाख की तकनीकी अनुमोदन हेतु 26 फरवरी, 2020 को मुख्य अभियंता 3 को भेजी गई है, जिसपर आजतक अनुमोदन प्राप्त नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्य अभियंता 3 के कार्यालय में लम्बित पथ परियोजना का अनुमोदन देकर सड़क का चौड़ीकरण एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी हेतु सुचारू व्यवस्था करना

*2404. ई0 शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड रामगढ़वा पंचायत सिंघासनी में प्रतिवर्ष बरसात में सरकार द्वारा मछली उत्पादन हेतु प्लास्टिक युक्त चचरी का घेरा डालकर पानी को रोका जाता है, जिससे किसानों के खेतों में जल-जमाव हो जाने से हजारों एकड़ में लगी फसल नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत से जल निकासी की सुचारू व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*2405. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के गुरूआ प्रखंड के गुरूआ करमाईन रोड से बेलबिगहा, बलगाँव, रसुलगंज होते हुये गुलनी नहर तक जानेवाली सड़क (लम्बाई 5.00 किलो मीटर) विगत 6 वर्षों से मरम्मती के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन में ग्रामीण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2406. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत जलकौरा पंचायत को खगरी तेरासी से जोड़ने हेतु गंडक नदी में पुल नहीं रहने से लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई स्रोत का पुनः निर्माण

*2407. श्रीमती मंजू अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत आमस प्रखंड के बेलदारबीघा से लेकर राजाबिगहा भाया चिताब तक पक्की सड़क के निर्माण के दौरान नहर के फॉल नम्बर 4 से गाँवों में जानेवाले जलमार्ग को संवेदक द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसके कारण लगभग 15 गाँवों के किसान के खेत तक पानी नहीं पहुँच रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त संवेदक पर कार्रवाई करने एवं सिंचाई स्रोत का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जमीन खेती योग्य बनाना

*2408. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के चिकनी टोला सिराजमनी गाँव के महेशपुर, बासगाँव, चौदी, एक्सेला पंचायतों से घिरे हुये 500 एकड़ जमीन से जल निकासी नहीं होने तथा सालों भर 3-5 फीट पानी जमा रहने के कारण अनुपयोगी हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन खेतों से पानी सिराजमनी गाँव होते हुये बिहार सरकार की जमीन से निकलकर गाँव के पूरब नाले में प्रवाहित होता था किन्तु बढ़ती आबादी, आमजनता द्वारा बिहार सरकार की जमीन में आवासित होने तथा जल निकासी का रास्ता बंद हो जाने से पानी नाला तक प्रवाहित नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान में जल निकासी हेतु बड़े-बड़े ह्यूम पाइप का नाला बनाकर ज़मीन की खेती योग्य बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल की मरम्मती

*2409. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नवहट्टा प्रखंड अन्तर्गत वर्ष 2014-15 में वीरजाईन से भेलाही सीमा तक जानेवाली सड़क में दो स्पेन पुल का निर्माण दो जगह हुआ था, जो क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण आमजनों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त दोनों पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

*2410. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के चादपुर फतह पंचायत में ग्राम-खजनपुरा, करघट्टी घाट, योगी स्थान से सकरा प्रखंड को जानेवाली सड़क में नून नदी पर पुल नहीं होने के कारण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क में नून नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का पक्कीकरण

*2411. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अन्तर्गत एन0 एच0 28 से भुतहा पोखरा होते हुये गंज चौक तक की कच्ची सड़क अत्यन्त जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो गया है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.5 किलो मीटर है । एन0 एच0 28 के निकट कोई बसावट नहीं है एवं गंज चौक एम0 आर0 3054 से निर्मित बहादुरपुर से कटहाँ पथ पर अवस्थित है । बीच में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं है।

अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

पथ का निर्माण

*2412. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड के पोखरेड़ा से चँदपुरा तक तथा तरैया से उसड़ी बाजार होते हुये फरीदनपुर, मठीहया बाजार तक का पथ जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*2413. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज (क्षेत्र संख्या-153 गोपालपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कुर्सेला-सरसी, एस0एच0 77 पथ में दोनों किनारे पोठिया चौक से उत्तर एवं दक्षिण 200-200 मीटर ही नाला का निर्माण विगत 12-13 वर्ष पूर्व हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला का विस्तार दक्षिण से सतबहेरी एवं उत्तर +2 हाई स्कूल, पोठिया तक तथा चौक पर चैम्बर के साथ क्रॉस नाला का निर्माण नहीं होने से वर्षात् के दिनों में प्रत्येक वर्ष पानी के जमाव होने के कारण आमजनता को छः माह गंदे पानी में जीवन गुजर बसर करने को मजबूर होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला की उड़ाही कराकर चैम्बर के साथ क्रॉस नाला का निर्माण तथा उसका विस्तार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2414. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के त्योथ पंचायत में नन्दी भौजी चौक से त्योथ गाँव तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*2415. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पथ निर्माण विभाग के बसंतपटी-अदौड़ी पथ और चिरैया-अदौड़ी पथ के बीच पुलिया नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण जल-जमाव से प्रतिवर्ष किसानों के 500 एकड़ की फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2416. श्री शशि भूषण हजारी (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वरस्थान प्रखंड पूर्वी के ग्राम-कुशेश्वरस्थान से भिंडुआ जानेवाली सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017 से चल रहा है, जिसके कार्य समाप्ति की अवधि निर्माण प्रारंभ होने से दो वर्ष उपरान्त था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*2417. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत बंगाल खाड़ के एन0एच0 27 चक हसना से सिरिसिया बाजार होते हुये सासामुसा तक की सड़क जर्जर है, साथ ही बरसात के समय कीचड़मय हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की उड़ाही

*2418. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड चरपोखरी के नगर गड़हनी रजवाहा में गाद भर जाने से गाँव बरनी से सेमरांव, डेवढ़ी, सिहार, बरघारा गाँव तक एवं नहर के अंतिम छोड़ तक पानी नहीं पहुँच पाता है, जिससे हजारों एकड़ खेत सिंचाई से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की उड़ाही एवं साफ-सफाई करवाने तथा नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का अधिग्रहण

*2419. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गुरूआ से दरियापुर तक (14 किलो मीटर) आर0डब्लू0डी0 की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जी0टी0 रोड पर हमेशा जाम रहने के कारण वर्णित सड़क मार्ग से ही ग्रामीण जनता एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों का एम्बुलेंस प्रतिदिन औरंगाबाद आया-जाया करती है, जिससे उक्त मार्ग पर हमेशा यातायात दाब रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आर0डब्लू0डी0 की सड़क को पी0डब्लू0डी0 में अधिग्रहित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि वर्तमान में उक्त पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, शेरघाटी के स्वामित्व में है ।

इस पथ का निर्माण 4 वर्ष पूर्व कराया गया है । वर्तमान में पथ की चौड़ाई 3.75 मीटर है । यातायात गणना के पश्चात् यातायात घनत्व के अनुसार संसाधन उपलब्धता के आधार पर पथ के चौड़ीकरण पर विचार किया जायेगा ।

--------

उच्चस्तरीय पुल का निर्माण

*2420. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला मुख्यालय को सहरसा प्रमंडल मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क संख्या 5 में परमाने नदी पर बना वर्षों पुराना काउजवे जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा वर्षात के दिनों में नदी का पानी इसके ऊपर से बहने लगता है, साथ ही पहुँच पथ पानी के दवाब से टूट जाता है, जिससे यात्रियों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उच्चस्तरीय जाँच कराना

*2421. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु हर घर नल-जल योजना वर्ष 2016 से चलायी जा रही है जिसके अंतर्गत लगभग 200 करोड़ रुपया का खर्च अभीतक किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य ऐजेंसियों के द्वारा इस योजना में प्रयुक्त होने वाले नल एवं पाइप तय मानक के अनुरूप औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखण्ड के बेलाइन एवं बारूण प्रखण्ड के धनकी सहित पूरे राज्य में कही भी प्रयोग में नहीं करने के कारण जनता को शुद्ध जल की आपूर्ति ठीक से नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को उच्चस्तरीय जांच पूरे राज्य में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधक कार्य कराना

*2422. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के पियारी पंचायत वार्ड नं0 12 के घाट टोला में पनार नदी से कटाव के कारण 200 घर एवं सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार बरसात के पूर्व उक्त स्थलों पर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना को पूर्ण करना

*2423. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 10 नवम्बर, 2020 को प्रकाशित शीर्षक ''विभाग में ही पड़ा रह गया केंद्र से मिला पैसा'' के आलोक में क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के औरंगाबाद जिला सहित 9 उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास हेतु कौशल विकास केन्द्र एवं आई0 टी0 आई0 की स्थापना की योजना राज्य में वर्ष 2015-16 से चल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 90 करोड़ रुपये की उक्त योजना का केन्द्रांश 44 करोड़ रुपया भवन निर्माण को प्राप्त होने के बाद भी योजना पूरी नहीं हुई है जबकि वर्ष 2017-18 में ही योजना को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राशि उपलब्ध रहने के बाद भी योजना के अभीतक पूरा नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

उड़ाही करना

*2424. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखण्ड के सादीपुर, गोटियाही होते हुए टेंगराहा गाँव के पास पुरानी बागमती नदी में मिलने वाली बरसाती नदी में गाद भर जाने के कारण सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की प्रर्याप्त गहराई तक उड़ाही के साथ अधिप्लव मार्ग निर्माण करा कर सिंचाई के साथ जल संचय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण

*2425. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के बीर गांव पंचायत के वार्ड नं0-10 तिलियारी घाट पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकर तिलियारी घाट पर आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी कराना

*2426. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के ध्रुवगंज से नगराटोली, अठनियाँ होते हुए बहतरा अलालपुर तक हजारों एकड़ जमीन में जल-जमाव हो जाता है, जिससे किसानों को खेती में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन से जल निकासी हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नये आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण

*2427. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के ग्राम-वेजापती (हरनौत प्रखण्ड) के ग्राम-सिन्दुआरा (चण्डी प्रखण्ड) पथ में ग्राम-सिन्दुआरा के पूरब वाहा में पूर्व निर्मित दो मुँह का आर0 सी0 सी0 पुल संकीर्ण तथा जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण बड़ी गाड़ी का आवागमन में नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ के वाहा में संकीर्ण एवं जर्जर आर0 सी0 सी0 पुल को तोड़कर उसके स्थान पर नये आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2428. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड-दरियापुर के ग्राम-सुमेरपट्टी से ग्राम-बलुवहियां तक सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग 10 कि0 मी0 सड़क का निर्माण विगत 15 वर्ष पहले कराया गया था, जो पिछले 05 वर्ष से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क ग्राम-छोरह, कोहिया, मोहन कोदिया, मुजौना, धर्मागत, सेमरहिया एवं बलुवहीयां को मुख्य सड़क से जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*2429. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के हसामपुर गाँव के सामने भगवतीपुर माईनर पर पुलिया नहीं रहने के कारण 50 गाँवों के निवासियों का आवागमन बरसात के दिनों में बंद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2430. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत मरवन उर्फ अजीजनगर पंचायत के भरवारी ग्राम के निकट कदाने नदी के उस पार उच्च विद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर कदाने नदी में पुल नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को 5-6 कि0 मी0 की दूरी तय कर स्कूल जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2431. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर स्थित आर0 ब्लॉक, रोड नम्बर-01 में फोर लेन सड़क से आवास संख्या-सी/15 तक सड़क जर्जर रहने से सरकारी आवास में आवासित लोगों के साथ आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का कालीकरण करना

*2432. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के जगदीशपुर मोड़ से श्रीनगर होते हुए झुरकुसिया नयानगर तक जाने वाली 12 कि0 मी0 लम्बी सड़क की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित सड़क उक्त गाँव के लोगों का मुख्य सड़क है जिसके जर्जर एवं दयनीय रहने से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 17 मार्च, 2021 (ई0)।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि0 स0 मु0-132 (एल0 ए0)-2020-21-डी0 टी0 पी0-550